दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



तेरे इश्क में धनुष की आखों में .....

अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया .....

वर्ष : 11 | अंक : 340 | लखनऊ, 30 नवम्बर, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

खबर संक्षेप

गैंगस्टर बिश्नोई की कस्टडी 7 दिन और बढ़ी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की न्यायिक

हिरासत को सात दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। यह निर्णय एनआईए मुख्यालय में एक विशेष सुनवाई के दौरान लिया गया। अनमोल बिश्नोई ने अदालत में एक आवेदन दायर कर अपनी जान को खतरा होने की आशंका जताई थी। बता दें, अमेरिका से भारत आने पर एनआईए की टीम ने अनमोल को गिरफ्तार कर पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया था। जहां से 11 दिन की रिमांड पर भेजा गया था। अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद एनआईए ने गिरफ्तार किया था।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

यूएस-चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता, सप्लाई चेन पर बढ़ता जा रहा है दबाव

चीन नवीकरणीय ऊर्जा पर हावी | यूएस बड़ा ऊर्जा निर्यातक बना

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कोलकाता में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो पीठ पीछे होते रहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

विश्व का एक तिहाई उत्पादन चीन में

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वैश्विकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है। जयशंकर ने बताया कि वैश्विक उत्पादन का एक तिहाई हिस्सा आज चीन में होता है, जिससे सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं। संघर्षों और जलवायु संकटों ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। ऊर्जा के मामले में अमेरिका अब बड़ा निर्यातक बन गया है, जबकि चीन नवीकरणीय ऊर्जा पर हावी है।

व्यापार में मांग की अनिश्चितता बढ़ी

डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि व्यापार में मांग की अनिश्चितता और सप्लाई की बाधाएं जोखिम बढ़ा रही हैं। टैरिफ रेट्स में उतार-चढ़ाव से वैश्विक व्यापार पर अस्थिरता आई है। वित्तीय क्षेत्र में प्रतिबंधों का बढ़ता उपयोग, संपत्तियों की जब्ती और ब्लॉकचेन तकनीक का उभार नए वैश्विक वित्तीय ढांचे का संकेत दे रहे हैं। दुनिया एक ऐसी स्थिति में प्रवेश कर रही है जहां हर देश अपनी सुरक्षा, आर्थिक हितों और भविष्य की रणनीति को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।

पुतिन के दिल्ली दौरे से पहले रूसी संसद का बड़ा फैसला

भारत और रूस के बीच सैन्य समझौते की पुष्टि, रक्षा संबंधों को होगा फायदा

ऊर्जा, व्यापार, और वैश्विक मसलों पर होगी चर्चा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले महीने दो दिन के भारत दौरे पर आएंगे। पुतिन राजकीय दौरे पर 4-5 दिसंबर को भारत आएंगे। इस यात्रा के दौरान पुतिन मुख्य रूप से 23वें भारत-रूस सालाना सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जहां रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और भू-राजनीतिक मसलों पर अहम चर्चाएं होने की संभावना है।

इस दौरान व्लामीदर पुतिन की पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात होगी। पुतिन के दिल्ली के इस अहम दौरे से पहले रूस की संसद (स्टेट डूमा) ने एक अहम सैन्य समझौते की पुष्टि का ऐलान किया है। रूस की संसद व्लादिमीर पुतिन के दिल्ली आने से पहले भारत के साथ एक जरूरी मिलिट्री समझौते को मंजूरी देने जा रही है। दरअसल इस साल फरवरी में 2025 को भारत और रूस के बीच रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट (रेलोस-आरईएलओएस) हुआ था।

यह एग्रीमेंट स्ट्रेटेजिक मिलिट्री कोऑपरेशन बढ़ाने के लिए है। पुतिन की भारत यात्रा और रेलोस समझौते को रूस की संसद द्वारा मंजूरी मिलना, दोनों देशों के बीच दशकों पुराने भरोसेमंद संबंधों के नए दौर की शुरुआत मानी जा रही है। रक्षा सहयोग, ऊर्जा साझेदारी और वैश्विक समीकरणों के बीच यह दौरा भारत-रूस संबंधों को नई मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा।

पुराने भरोसेमंद संबंधों के नए दौर की शुरुआत

पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन — फाइल फोटो

सैन्य सहयोग मजबूत होगा

यह महत्वपूर्ण सैन्य लॉजिस्टिक समझौता 18 फरवरी 2025 को मॉस्को में भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस के तत्कालीन उप-रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन द्वारा साइन किया गया था। स्टेट डूमा ने रेलोस दस्तावेज को अपलोड किया है। इस समझौते का उद्देश्य है भारत और रूस की सेनाओं के बीच सामरिक गतिविधियों में लॉजिस्टिक सपोर्ट को आसान बनाना, संयुक्त सैन्य अभ्यासों को सुचारू करना, आपदा राहत अभियानों में तेजी लाना और सेना के अन्य ऑपरेशंस को सहयोगात्मक रूप से संचालित करना। रूसी सरकार का कहना है कि रेलोस समझौते की मंजूरी से दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में विश्वास और सहयोग नई मजबूती के साथ उभरेगा।

आपसी सैन्य गतिविधियां तेज हो जाएंगी

इस समझौते के लागू होने से भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य गतिविधियां काफी सरल और तेज हो जाएंगी। दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों, हवाई अड्डों और नौसैनिक अड्डों का शांतिपूर्ण उद्देश्यों और सैन्य अभ्यासों के लिए उपयोग कर सकेंगे। आपसी लॉजिस्टिक सपोर्ट मिलने से सैनिकों, उपकरणों और सैन्य संसाधनों की तैनाती में समय और लागत दोनों कम होगी। यह समझौता भविष्य में आर्कटिक क्षेत्र में संभावित संयुक्त अभ्यासों को भी दायरे में लाएगा।

भारतीय नौसेना रूसी नौसेनिक अड्डों का उपयोग कर सकेगी

भारतीय नौसेना के तलवार-श्रेणी के युद्धपोत और आईएनएस विक्रमादित्य जैसे बड़े जहाज रूस के उत्तरी समुद्री ठिकानों का उपयोग कर पाएंगे, जहां बर्फीले आर्कटिक का मौसम होता है। वहीं रूसी नौसेना भारतीय समुद्री ठिकानों और बंदरगाहों का उपयोग कर सकेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह सहयोग भारत के लिए खास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हिंद महासागर में चीन और अन्य बाहरी देशों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।

समझौता आर्कटिक क्षेत्र में भी लागू होगा

रेलोस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य अभियानों के लिए समन्वय प्रक्रिया को आसान बनाना है। रेलोस से सैन्य अभ्यास और आपदा राहत अभियान समेत संयुक्त गतिविधियों के लिए प्रक्रियाएं सरल करके सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। इस प्रकार के समझौते सहभागी देशों के लिए शांतिकालीन अभियानों के भौगोलिक अवसरों का विस्तार करते हैं।

स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' नौसेना को सौंपा

मुंबई। नीलगिरि श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) का चौथा और मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित तीसरा जहाज, तारागिरि (यार्ड 12653), 28 नवंबर 2025 को एमडीएल, मुंबई में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। इसमें शक्तिशाली हथियार और सेंसर सूट में ब्रह्मोस एसएसएम, एमएफएसटीएआर और एमआरएसएएम कॉम्प्लेक्स, 76 मिमी एसआरजीएम, और 30 मिमी और 12.7 मिमी निकटरक्षा हथियार प्रणालियों का संयोजन, साथ ही पनडुब्बी रोधी युद्ध के लिए रॉकेट और टॉरपीडो शामिल हैं।

एलबीएसएनएए में बोले रक्षा मंत्री

ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युवा नागरिक सेवकों से राष्ट्रीय हितों की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और वीर सैनिकों की तरह ही ऐसी कठिन परिस्थितियों के लिए सदैव तैयार रहने का आह्वान किया।

राजनाथ सिंह

रक्षामंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां प्रशासनिक मशीनरी ने सशस्त्र बलों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण सूचनाओं का संचार किया और जनता का विश्वास जीता। रक्षा मंत्री ने उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, सशस्त्र बलों ने संतुलित और बिना किसी उकसावे के जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया।

इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन

279 की मौत, 174 लापता, कई क्षेत्रों में संपर्क कटा, मदद जारी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 279 हो गई है तथा अधिकारियों ने मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई है। उत्तरी सुमात्रा प्रांत में सड़कें खराब होने और संचार बाधित होने से इन इलाकों से संपर्क कट गया है और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए विमानों पर निर्भर रहना पड़ा। भारी उपकरणों की कमी के कारण बचाव कार्य भी बाधित हुए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता फेरी वालिंटुकन ने बताया कि उत्तरी सुमात्रा में बचावकर्मियों ने शनिवार को 31 शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 279 हो गई। उन्होंने बताया कि

दक्षिण सुमात्रा के बातंग तोरु में धंसी मस्जिद

174 लापता लोगों की तलाश के लिए 3,500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है तथा प्रांत भर में अस्थायी सरकारी आश्रयों में शरण ले रखे 28,400 से अधिक लोगों को सहायता वितरित करने में मदद की जा रही है।

दिल्ली बम धमाके में सुरक्षा एजेंसियों ने नए षड़यंत्रों का किया बड़ा खुलासा

डॉ. मुजम्मिल के बेहद करीब आ गई थी डॉ. शाहीन

डॉ. शाहीन के फ्लैट से मिले 18.5 लाख रुपए, सोने के बिस्किट और विदेशी करेंसी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली बम धमाके की आरोपी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग की कमांडर डॉ. शाहीन चार साल सऊदी अरब में भी रही है। साल 2014 से 2018 के दौरान उसने सऊदी अरब के मेडिकल कॉलेज में बतौर प्रोफेसर नौकरी की।

साल 2018 में भारत लौटने के बाद 2021 तक तीन साल उसने कुछ नहीं किया। वो घर पर ही रहती थी। फिर 2021 में उसने अल फलाह यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की नौकरी हासिल कर ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के सूत्रों की मानें तो सऊदी अरब से जब वो लौटी तो आतंकी संगठन के संपर्क में आ चुकी थी और अपना नेटवर्क फैलाने लगी। इस दौरान उसे टेरर फंडिंग के रुपए भी काफी मिले। साल 2021 में अल फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत होने के बाद डॉ. शाहीन, डॉ. मुजम्मिल के बेहद करीब आ गई थी। दोनों के बीच नजदीकीयां काफी बढ़ गईं और प्यार और शादी तक ये रिश्ता पहुंच गया।

अल फलाह विश्वविद्यालय (इनसेट में) डॉ. मुजम्मिल व डॉ. शाहीन

डॉ. शाहीन से खुलवाया लॉकर

गुरुवार रात एनआईए की टीम ने अल फलाह यूनिवर्सिटी में डॉ. शाहीन के फ्लैट नंबर 32 का डिजिटल लॉकर उसकी मौजूदगी में खुलवाया। लॉकर में मौजूद पैकेट खोलकर चेक किए तो इनमें 18.50 लाख रुपए नकद, सोने के दो बिस्किट, गहने मिले। सोने के बिस्किट व जूलरी का कुल वजन 300 ग्राम पाया गया।

आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी

एनआईए की विशेष अदालत ने चार आरोपियों की हिरासत अवधि को दस दिनों के लिए बढ़ा दिया है। इन आरोपियों में डॉ. मुजम्मिल, डॉ. अदील, डॉ. शाहीन और मुफ्ती इरफान अहमद वगाये शामिल है। अदालत के इस फैसले से जांच एजेंसी को मामले की जांच को आगे बढ़ाने और अन्य संभावित लिंक को खंगालने में मदद मिलेगी। 10 दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एनआईए ने सात आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया था।

विदेश से पढ़कर आए डॉक्टरों की जानकारी मांगी

दिल्ली पुलिस ने शहर के सभी निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर उन डॉक्टरों की जानकारी मांगी है, जिन्होंने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। पुलिस ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई और चीन से एमबीबीएस करने वालों के बारे में जानकारी मांगी है।

हल्द्वानी के इमाम से पूछताछ

शुक्रवार देर रात दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम के साथ ही एलआईयू दिल्ली की टीम ने उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा में दबिश देकर बिलाली मस्जिद के इमाम को हिरासत में लिया।

भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में खुलासा

म्यांमार नागरिकों ने भारतीयों के जीएसटी से कच्चा माल खरीदा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा।

यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी। ईडी ने 27 नवंबर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-

ईडी का प्रतीक चिन्ह

म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे।

ग्राम नरेरा के गौशाला में भूखे-प्यासे पड़ी रहती हैं गायें

अमन लेखनी समाचार/शुभम सिंह चौहान संवाददाता

लखनऊ। ग्राम पंचायत नरेरा में स्थित गौशाला की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। गौशाला में मौजूद गायें लंबे समय से भूख और प्यास से बेहाल हैं, जिससे कई गायों की तड़प-तड़पकर मौत तक हो चुकी है। चारा और पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, और पशुओं के इलाज या देखभाल के लिए कोई जिम्मेदार व्यक्ति भी मौजूद नहीं रहता। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी और पशुपालन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि इन बेजुबान पशुओं को राहत दिलाई जा सके और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला शव, पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक 45 वर्षीय महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के बनी गांव में रहने वाले अवधेश सिंह राजधानी स्थित स्वास्थ्य विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। वह अपनी पत्नी मंजू सिंह (45) के साथ रहते हैं। जबकि उनके दो बेटे हैं, लेकिन वह अलग रहते हैं। शनिवार सुबह अवधेश घर पर थे। तभी करीब 8:30 बजे मंजू वॉशरूम के रोशनदान में दुपट्टे के सहारे लटक गई। अवधेश ने देखा तो मंजू को नीचे उतार कर आनन- फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मंजू को मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह का कहना है कि शुरूआती जाँच में पता चला है कि मंजू सिंह शुगर की मरीज थी और काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रही थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि डिप्रेशन में आकर ही उन्होंने यह कदम उठाया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने मृतक बीएलओ के परिवार को सौंपा दो लाख का चेक

अमन लेखनी समाचार

दो लाख की चेक भेंट करते पूर्व मुख्यमंत्री

लखनऊ। मलिहाबाद नगर पंचायत सरावां निवासी बीएलओ विजय कुमार वर्मा की ब्रेन हैमरेज से हुई मौत के बाद समाजवादी पार्टी ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की है। शनिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश कार्यालय लखनऊ में मृतक बीएलओ के परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक मदद का चेक सौंपा।

शनिवार को मृतक विजय कुमार वर्मा की पत्नी संगीता रावत, बेटे हर्षित वर्मा समेत अन्य परिजन सपा कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान अखिलेश यादव ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिवार को सांत्वना दी।

मृतक की पत्नी संगीता ने बताया कि यह आर्थिक सहायता उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दी गई है, जिससे मुश्किल समय में कुछ सहारा मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान करीब आठ लाख रुपये का खर्च आया था, जिसे उधार लेकर पूरा किया गया। हालांकि अभी तक प्रशासन या सरकार की ओर से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिली है। परिवार के अनुसार, बीएलओ ड्यूटी के दौरान 14 नवंबर की रात विजय कुमार वर्मा को ब्रेन हैमरेज हुआ था। उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सपा द्वारा दी गई यह आर्थिक सहायता शोकग्रस्त परिवार के लिए राहत का सहारा बनी है।

आगरा में होगी राज्य स्तरीय विज्ञान व टीएलएम प्रदर्शनी, समग्र शिक्षा अभियान

लखनऊः समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के तहत राज्य स्तरीय विज्ञान एवं शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन 12 दिसंबर को आगरा के राजकीय इंटर कालेज में किया जाएगा। इसमें मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं में चुने गए छात्र-छात्राएं अपने माडल प्रदर्शित करेंगे। सर्वश्रेष्ठ 16 माडलों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संयुक्त निदेशक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) विवेक नौटियाल ने बताया कि जिला स्तर के बाद और मंडल स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। सभी 18 मंडलों से सीनियर और जूनियर वर्ग में चयनित सर्वश्रेष्ठ एक-एक माडल, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा इनका मूल्यांकन किया जाएगा। उनके द्वारा सीनियर और जूनियर वर्ग से आठ-आठ सर्वश्रेष्ठ माडल चुने जाएंगे।

कार सवार ने जमकर मचाया तांडव, वाहनों को ठोकर मारकर किया क्षतिग्रस्त

एक शिक्षिका सहित तीन लोगों को किया घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा कस्बे में शनिवार शाम एक कार सवार ने जमकर तांडव मचाया। उसने अपनी कार से कई वाहनों को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने के साथ एक शिक्षिका सहित तीन लोगों को घायल कर दिया। उसके इस उत्पात से गुस्साए लोगों ने कार पर ईंट पत्थर बरसाने के साथ इसकी सूचना पुलिस को दी। लेकिनर पुलिस के पहुंचने से पहले कार सवार अपनी गाड़ी छोड़कर भाग निकला। इस घटना में घायल शिक्षिका की ओर से बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार को अपने कब्जे में ले लिया और आरोपी की तलाश कर रही है। बताते हैं कि शनिवार शाम करीब 5 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक क्रेटा कार सवार बंथरा कस्बे में पहुंचते ही एक ऑटो को रुकवा कर उसके चालक की धुनाई करने लगा। चालक को पिटते देख मौजूद लोगों ने पहुंचकर बीच बचाव करने की कोशिश की तो कार चालक उनपर भड़क गया और बीच बचाव करने पहुंचे लोगों से भी मारपीट करने लगा। इस पर वहाँ लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। खुद को भीड़ से घिरते देख कार चालक ने अपनी कार स्टार्ट कर लोगों को रौंद कर भागने की कोशिश की। उसकी इस करतूत से गुस्साए लोगों ने कार पर ईट पत्थर चला दिए। लेकिन इसके बाद भी कार चालक अपनी गाड़ी आगे पीछे कर लोगों के ऊपर चढ़ाने की कोशिश करने लगा। उधर इस घटना में कार की चपेट में आकर सरोजनी नगर के गौरी निवासी स्कूटी सवार शिक्षिका दिव्या वर्मा के अलावा बंथरा निवासी सुशील गुप्ता (50) और गुड्डू (55) घायल हो गए। बाद में उन्हें आनन फानन पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। वहीं कार चालक की हरकत से नाराज स्थानीय लोगों ने उसको घेरने के साथ घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। फिलहाल पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है और पीड़ित शिक्षिका की ओर से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि ओवरटेक को लेकर कार चालक और किसी ऑटो चालक से विवाद हुआ था। लोग बीच बचाव करने पहुंचे तो कार चालक ने उनसे भी मारपीट की। फिलहाल मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आतंकी हमले के आरोपित बता बुजुर्ग को 5 दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट

खातों में ट्रांसफर करवाए 27 लाख

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। साइबर जालसाज खुद को एटीएस और एनआइए अधिकारी बताकर पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होने की बात कहते हुए बुजुर्गों को जाल में फंसा रहे हैं। इसी तरह जानकीपुरम निवासी बुजुर्ग को फंसाया। पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखने के दौरान 27 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित बुजुर्ग ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकीपुरम के सेक्टर-एफ निवासी 77 वर्षीय रामशंकर त्रिवेदी ने बताया कि सात नवंबर की दोपहर करीब 2:43 बजे उनके पास वाट्सएप काल आई। फोनकर्ता ने खुद को एंटी टेरेरिस्ट स्क्वायड (एटीएस) अधिकारी बताया। कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की साजिश में आप भी शामिल हैं। आपने आतंकियों को 70 करोड़ पहुंचाए हैं, जिसमें आपको 70 लाख रुपये कमीशन मिला है। आप आतंकी हमले में साजिशकर्ता हैं। यह सुनकर वह डर गए। उन्होंने इन आरोपों से इन्कार किया तो उन्हें डपट दिया गया। पीड़ित ने काल काट दी। इसके बाद उनके पास वीडियो काल आई। काल पर वर्दी पहने अधिकारी ने खुद को एनआइए अधिकारी बताया। धमकाया कि आतंकी हमले की साजिश की रकम आपके खाते में भेजी गई है। धमकाया गया कि जांच के तहत देशद्रोही को गिरफ्तार किया जाएगा, चाहकर भी भाग नहीं पाओगे।

सर्विलांस के माध्यम से रखी जा रही नजर

सर्विलांस के माध्यम से नजर रखी जा रही है। पीड़ित रामशंकर ने बोला कि उनके पास कोई रकम नहीं आई थी। इसपर कथित अधिकारियों ने जांच की बात कही। बोला कि खाते की जांच के बाद ही यह साफ हो पाएगा। अगर गलती नहीं मिलेगी तो सारी रकम वापस कर क्लीनचिट दी जाएगी। हालांकि, इस दौरान आपको किसी से कुछ भी बताना नहीं होगा। अगर किसी को कुछ बताया तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फिर सारा बुढ़ापा सलाखों के पीछे ही कटेगा। तीन दिन डराने धमकाने के बाद जालसाजों ने उन्हें दो बैंक खाते दिए और उस पर 27 लाख रुपये जमा करने को कहा। पीड़ित ने 10 नवंबर को 10 लाख और 11 नवंबर को 17 लाख रुपये आरटीजीएस कर दिए। इसके बाद जालसाजों की और डिमांड बढ़ने लगी। आशंका होने पर फोन काटा। पीड़ित रामशंकर ने परिवारवालों को आपबीती बताई तो पता चला कि साइबर जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट किया था। इसके बाद उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जालसाजों ने दो बैंक खातों में रुपये मंगाए थे। खाते फ्रीज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

अयोध्या निवेश महाकुंभः विशेषज्ञों की राय- दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए निवेश आवश्यक

लखनऊ। डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्युचुअल फंड और दैनिक जागरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निवेश महाकुंभ ने लोगों को न सिर्फ इनवेस्टमेंट के प्रति सिर्फ जागरूक किया, बल्कि यह जानकारी भी मिली कि छोटी-छोटी पूंजी का निवेश कर कैसे बेहतर रिटर्न के माध्यम से भविष्य की आर्थिक जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

निवेश महाकुंभ में वक्ताओं ने लोगों को निवेश के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रख्यात शास्त्रज्ञ व हनुमत निवास मंदिर के महंत स्वामी मिथिलेशनंदिनीशरण, आदित्य बिड़ला सन लाइफ के प्रबंध निदेशक और सीईओ ए. बालासुब्रमणियन, कंपनी के अधिकारी सिद्धार्थ दमानी एवं कामायनी नागर, निवेश विशेषज्ञ धीरेंद्र कुमार एवं धीरेंद्र पाठक ने दीप प्रज्वलित कर की। दैनिक जागरण के अनुत्तम सेन व रमाशरण अवस्थी ने अतिथियों का स्वागत किया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहाकि प्रत्येक व्यक्ति को निवेश की बारीकियां जाननी चाहिए। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए निवेश करना आवश्यक है। भारत में भी वारेन बफेट हो सकते हैं, जिन्होंने निवेश में सफलता प्राप्त कर दुनिया के अमीर लोगों में अपनी पहचान बनाई। म्युचुअल फंड में निवेश करना इसलिए सुरक्षित इसलिए है कि इसमें फंड प्रबंधक गारंटीड आय सुनिश्चित करते हैं।

बदलती अयोध्या का प्रमाण

स्वामी मिथिलेशनंदिनीशरण ने कहाकि यहां निवेश महाकुंभ का आयोजन होना बदलती अयोध्या का प्रमाण है। उन्होंने कहाकि आशंका अज्ञान से उत्पन्न होती है और ज्ञान होने पर आशंका नहीं रहती। जितना समझ कर जिएंगे, उतना ही लाभ होगा। उन्होंने कहाकि निवेश प्रकृति के मौलिक निर्माण में उपस्थित है। शरीर में देवताओं का निवेश है। निवेश परस्परता का होना चाहिए। उन्होंने कहाकि भगवान राम वनवास से लौटे तो राजकोष में अत्यधिक संचित धन देख भरतजी से पूछा कि इतनी धनराशि कैसे एकत्र हुई तो भरतजी ने बताया कि यह 14 वर्ष में जनता से कर के रूप में ली गई धनराशि है। इस पर भगवान राम ने निर्देश दिया कि जो जरूरतमंद हों उन्हें निश्शुल्क वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएं। जनता का धन जनता को वापस मिलना चाहिए।

धन आए तो सबसे पहले निवेश करना चाहिए

निवेश विशेषज्ञ धीरेंद्र पाठक ने कहाकि प्रख्यात निवेशक वारेन बफेट कहते हैं कि धन आए तो सबसे पहले निवेश करना चाहिए फिर खर्च। तभी जीवन सुचारू रूप से चलता है। उन्होंने कहाकि साल दर साल कमाने की शक्ति घटती है। बहुत से लोग बैंक में धन संचित करते हैं, लेकिन क्रय शक्ति घटती रहती है। आज 30 हजार रुपये में जो वस्तु खरीदेंगे वही पांच वर्ष बाद 40 हजार, 15 वर्ष बाद 60 और 20 वर्ष बाद 80 हजार रुपये में मिलेगी। इसी भांति महंगाई के कारण जिस वस्तु मूल्य वर्तमान में एक लाख रुपये है, वह 20 वर्ष बाद 35 हजार रुपये की रह जाती है। म्युचुअल फंड में निवेश कर प्रतिदिन यह जान सकते हैं कि धन कितना घट-बढ़ रहा है। उतार-चढ़ाव से डरना नहीं चाहिए। निवेश जारी रखना चाहिए। सिस्टमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान के साथ-साथ सिस्टमेटिक विड्राल प्लान की जानकारी भी रखनी चाहिए। म्युचुअल फंड में प्रोफेशनल मैनेजमेंट होता है। कोई भी काम चुपके से नहीं होता। पैनल डिस्कशन में आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्युचुअल फंड के सिद्धार्थ दमानी, कामायनी नागर, प्रदीप शर्मा व वैल्यू रिसर्च के धीरेंद्र कुमार ने लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया। पैनल डिस्कशन का संचालन ललित शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या दुबे ने किया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, वरिष्ठ जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्रा, प्रो. विक्रमा प्रसाद पांडेय, अविवि के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, , डा. रामजी सिंह, डा. सूरज सिंह समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्रबंधन विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

पचास सालों से बसे ग्रामीणों को घर खाली करने का आदेश

रहीमाबाद में बेदखली का नोटिस, ग्रामीण बोले—सरकारी सुविधाएं मिलीं तो आज अवैध कैसे? उठे सवाल—अब जाएँ तो जाएँ कहाँ?

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के रुसेना मजरा स्थित सखई खेड़ा गांव में सिंचाई विभाग ने 17 ग्रामीणों को भूमि खाली करने का नोटिस जारी किया है। विभाग का कहना है कि ग्रामीण उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर वर्षों से मकान बनाकर रह रहे हैं। नोटिस में 15 दिन की मोहलत देते हुए चेतावनी दी गई है कि तय समय में घर न खाली किए जाने पर प्रशासनिक कार्रवाई कर जबरन हटाया जाएगा और इसका खर्च भी ग्रामीणों से ही वसूला जाएगा।

सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर राजकमल सिंह के अनुसार, गाटा संख्या 17, रकबा 0.326 हेक्टेयर पर जनाका, सियाराम, भोगई, महेश, रमेश, सेवा, सुरेश, श्रीधर, विश्वनाथ, गुरुदयाल, लल्लू सहित करीब 17 लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर मकान बनाए हैं। विभाग जल्द ही जमीन को खाली कराने की कार्रवाई करने वाला है।

वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वे करीब 50 वर्षों से इसी भूमि पर रह रहे हैं। गांव के रघुवीर के अनुसार, ₹हम लोग आधी सदी से यहां बसे हैं। हमारे मकानों पर पीएम आवास योजना, बिजली कनेक्शन से लेकर हर घर जल योजना तक की सभी सरकारी सुविधाएं मिली हुई हैं। अब अचानक हमसे घर खाली करने को कहा जा रहा है, तो हम कहां जाएंगे?

ग्रामीणों की बेघर होने की चिंता गहराती जा रही है, जबकि सिंचाई विभाग अपनी भूमि वापस लेने की तैयारी में जुटा है।

घर घर पूजे गए राम और हुई अगवानी

रामबरात में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां मे संकट मोचन हनुमान मंदिर से निगोहां कस्बे में हांथी घोडा पालकी बग्घी ऊंट व बाइक डी जे कारों के साथ भव्य आतिशबाजी कर श्री राम बरात निकाली गयी। एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय ने आरती उतारकर श्रीराम बरात की अगवानी की तो निगोहां थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने भगवान की बरात पर पुष्प वर्षा की मेला प्रबन्धक लक्ष्मीकांत तिवारी व अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर दो दिवसीय आयोजन हुआ जिसमे शुक्रवार को दीपोत्सव आतिशबाजी धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शनिवार को भगवान श्री राम की बरात हनुमान मन्दिर से निकाली गयी और जगह - जगह बरात की अगवानी व जलपान की व्यवस्था भी की गयी। बारात में हाथी घोड़ा पालकी बाइक, कार सहित हजारों की संख्या में हिंदुओं के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल होकर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की मेला उपप्रबंधक अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि यह मेला सैकड़ों वर्षों से चला आ रहा है वहीं लक्ष्मीकांत तिवारी ने सपत्नी हनुमान मन्दिर पर राम बरात की अगवानी की जिसके बाद निगोहां में होटल रामगुलाम, लल्लन शुक्ल, थाना निगोहां, एस एन टी कालेज, पूर्व प्रधान अजय सिंह, पूर्व प्रधान नीशू मिश्र, राजीव सैनी सहित अन्य लोगों द्वारा बरात का स्वागत किया गया। वहीं एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय व निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, ने नंगे पांव विधिवत भगवान श्री राम की आरती कर, माला पहनाकर मिठाई वितरित करते हुए बरात का स्वागत करके दक्षिणा दी।

थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि श्री राम बरात हेतु मार्ग पर चौकी इंचार्ज निगोहां अनूप तिवारी स्थानीय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में मुकेश मिश्र, संतोष त्रिवेदी, राम मिलन यादव, सुनील त्रिवेदी, अंकुर त्रिवेदी, पंकज द्विवेदी, केशव त्रिवेदी, अजय मिश्रा, सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

किन्नर समुदाय के लोगो ने भी किया स्वागत

निगोहां कस्बे में किन्नर प्रियंका सिंह रघुवंशी ने बरात का पूजन कर स्वागत किया आरती उतारकर फूल माला पहनाकर व जलपान करवाकर बरात की अगवानी की।

मोहनलालगंज में बूथ संख्या 175 ने समय से पहले 100% एसआईआर कार्य पूरा कर रचा कीर्तिमान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे स्पेशल समरी रिवीजन (एसआईआर) अभियान के तहत मोहनलालगंज तहसील के बूथ संख्या 175 ने निर्धारित समय सीमा से पहले शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर मिसाल पेश की है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) विनीत कुमार मिश्रा को तहसील स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल और बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बीएलओ विनीत कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र व दो मूवी टिकट देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता, ईमानदारी और समयबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। अधिकारियों ने बताया कि मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में लगभग 40 बीएलओ ने अत्यंत सुचिता और जिम्मेदारी के साथ एसआईआर कार्य पूरा किया है। समय पर ऑनलाइन फीडिंग होने से आगामी चुनावी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में बड़ी मदद मिली है। एसडीएम पवन पटेल और बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने विनीत कुमार मिश्रा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ निर्वाचन कार्यों का निर्वहन किया जाएगा। कार्यक्रम में तहसील प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

शताब्दी ट्रेन के सामने कूद कर स्कूल बस चालक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक स्कूल बस चालक ने संदिग्ध परिस्थितियों में स्वर्ण शताब्दी ट्रेन के सामने कूद कर अपनी जान दे दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा गांव निवासी राम प्रकाश (45) अपनी पत्नी रामप्यारी, बेटे अतुल गौतम और अखिलेश गौतम के साथ रहकर पास के डबल पब्लिक स्कूल में बस चालक का काम करता था। उसकी बेटी निधि और नेहा की शादी हो चुकी है। राम प्रकाश शनिवार सुबह करीब 6 बजे घर से स्कूल गया। जहाँ स्कूल से बस लेकर बच्चे लेने चले गया। इसके बाद स्कूल में बच्चे छोड़े और करीब 10 बजे खाना खाने के लिए घर जाने की बात कह कर स्कूल से चला गया। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। दोपहर करीब 12:15 बजे हरौनी रेलवे स्टेशन और सई नदी के बीच बरगदिया बाबा मंदिर के पास पुलिस को लखनऊ - कानपुर रेल खंड की डाउन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत होने की सूचना मिली। सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने छानबीन की तो मृतक के पास मिली आधार कार्ड की फोटो कॉपी और मोबाइल के जरिए उसकी पहचान बंथरा निवासी राम प्रकाश के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। पुलिस को छानबीन में पता चला कि 12004 डाऊन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के ड्राइवर ने हरौनी रेलवे स्टेशन पर सूचना दी थी कि एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या की है। इसके बाद स्टेशन मास्टर ने पुलिस को घटना की सूचना दी। तब पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

संदिग्ध परिस्थितियों में कॉलेज के लिए निकली दसवीं की छात्रा लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों घर से पढ़ने के लिए साइकिल से कॉलेज के लिए निकली कक्षा 10 की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर इलाके में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी क्षेत्र के ही एक कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है और रोज की तरह 26 नवंबर की सुबह वह घर से पढ़ने के लिए साइकिल से स्कूल गई थी। लेकिन छुट्टी के बाद दोपहर 3 बजे तक भी वापस नहीं लौटी। बाद में परिजनों ने रिश्तेदारी और परिचितों के यहां उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। महिला का कहना है कि खोजबीन के दौरान उसे जानकारी मिली कि उसके गांव का ही भीम रावत नामक युवक उसे बहला फुसला कर अपने साथ कहीं लेकर चला गया है। महिला का कहना है कि जानकारी होने के बाद जब उसने युवक के परिजनों से बात की तो वह देर शाम पीड़ित महिला के घर पहुंचे और उससे कोई भी कार्रवाई न करने का अनुरोध करते हुए छात्रा को सुबह तक ढूंढ कर लाने की बात कही। महिला ने अपनी बेटी को नाबालिग होने के साथ उसके साथ कोई अप्रिय घटना होने की आशंका जताई है। फिलहाल महिला की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

घर से खेलने निकला 8वर्षीय बालक, शहीद पथ पर दुर्घटना में घायल, उपचार के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। घर से खेलने निकला 8वर्षीय बालक शहीद पथ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया, जिसे राहगीरों ने पुलिस की मदद से मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मृत्यु हो गई, पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। राजू कश्यप, 7 सी/764 पानी की टंकी के पास, सेक्टर 7सी वृन्दावन योजना राय बरेली रोड, थाना पीजीआई, लखनऊ में रहते हैं। राजू कश्यप ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा कार्तिक 8वर्ष, बीते 22 नवम्बर को घर से खेलने के लिए निकला था, शाम तक वापस नहीं आया, बेटे कार्तिक की आस-पास काफी तलाश किया लेकिन वह नही मिला। इसके बाद पुलिस से जानकारी मिली कि कार्तिक को न्यू रैम्प, लक्ष्य प्लाजा के पास शहीद पथ पर किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गयी थी, जिसे इलाज के लिए मेदान्ता अस्पताल भर्ती करा दिया गया है। इसके बाद अपने परिवारी जनो के साथ मेदान्ता अस्पताल आया, जहां पर कार्तिक की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शाम लगभग साढ़े चार बजे कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही एक ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अचानक चलते हुए ट्रेन से नीचे गिरा, जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुँची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के थानों और संबंधित विभागों को सूचना भेज दी है ताकि पहचान की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

संक्षेप

मंडल युवा सम्मेलन कार्यक्रम किया गया आयोजित

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। भाजयुमो कार्यकताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक मंडल युवा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे क्षेत्रीय विधायक व संगठन के जिलाध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कार्यकताओं द्वारा नगर के जीनियस पब्लिक स्कूल विद्यालय में आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंडल युवा सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक श्रीकांत कटियार ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक भारत रक्षा क्षेत्र में तेजस फाइटर जेट, आई एन एस विक्रांत युद्धपोत, अग्नि, पृथ्वी, ब्रह्मोस जैसी घातक मिसाइल बना रहा है जिससे देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए जोर दिया ।इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष बालाराव गुप्ता ने भी कार्यकताओं में जोश भरते हुए स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए विचार व्यक्त किए इस मौके पर शुभम् मौर्य, जयपाल पटेल, धर्मेंद्र राजपूत व विद्यालय प्रबंधक जुल्फिकार अली भुट्टो आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अनियंत्रित बाइक पलटी युवक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज चकलवंशी मार्ग पर गढ्ढे में फस कर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक गभींर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। माखी थाना क्षेत्र के बीरम पुर गांव निवासी आकाश शनिवार घरेलू सामान लेने के लिए रसूलाबाद कस्बा आया था जहां से वह वापस लौट रहा था इसी बीच गढ्ढे में फस कर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

महिला ने अपने पड़ोसी पर मारपीट करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के सेढूपुर निवासी पिंकी देवी पत्नी गोवर्धन गौतम ने थाना में प्रार्थना पत्र लेकर पड़ोसी पर मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पिंकी ने थाने में प्रार्थना पत्र लेकर आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह दरवाजे झाड़ू लगा रही थी तभी पड़ोसी अरविंद पुत्र लखपति निकले और दरवाजे थूक दिया मेरे द्वारा जब नाली में थूकने को कहा गया आक्रोशित अरविंद गाली गलौज करने लगे। आवाज सुनकर अरविंद की पत्नी भी आ गई और हाथापाई करने लगी तथा अरविंद ने डंडा से मेरे साथ मारपीट की। पति गोवर्धन के आ जाने पर दोनों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को राजकीय बालिका हाई स्कूल भवानीगंज में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें गत वर्ष के सर्वश्रेष्ठ सफल छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया गया। विकास खण्ड हिलौली के राजकीय बालिका हाईस्कूल भवानीगंज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती पूजन से शुभारंभ किया। वार्षिकोत्सव में वर्ष 2025 में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए मेधावी छात्र-छात्राओं पायल, काजल व अमृता को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के उत्कृष्ट परिवेश में योगदान करने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उत्साहवर्धन किया गया। अतिथि के रूप में आए जूनियर हाई स्कूल भवानीगंज के प्रधान शिक्षक कमलेश कुमार यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया, रामलाल यादव, अभिभावक में विजयपाल, पूनम उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अमिता यादव ने सभी का आभार जताया। इस दौरान स्कूल की शिक्षिकाओं में ममता सिंह, नीतू शुक्ला, करुणा मिश्रा, सरस्वती कश्यप, रिचा मिश्रा, रसना सिंह समेत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अवैध मिट्टी खनन पर पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर तहसील क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध मिट्टी खनन पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सदर कोतवाली पुलिस ने भौनी खेड़ा चौराहे के पास छापेमारी कर एक डंपर और एक जेसीबी जब्त की। बताया जा रहा है कि खनन माफिया महीनों से अवैध रूप से मिट्टी निकालकर बेच रहे थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, जबकि ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। सदर तहसील के ग्राम करौंदी और आसपास के इलाकों में अवैध मिट्टी खनन लंबे समय से जारी था। स्थानीय निवासियों ने कई बार शिकायत की थी कि खनन माफिया अचलगंज क्षेत्र में स्थित गायत्री भट्टे की अनुमति का बहाना बनाकर बाहर मिट्टी की आपूर्ति कर रहे थे। बिना किसी वैध अनुमति के दिन-रात मिट्टी खोदी जा रही थी, जिससे सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा था और भू-पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा था। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि खनन माफिया के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें धमकियों का सामना करना पड़ता था। शनिवार को सदर कोतवाली पुलिस को अवैध खनन की पुख्ता सूचना मिली। सूचना के आधार पर मौके पर एक टीम भेजी गई, जिसने भौनी खेड़ा चौराहे के पास खनन करते हुए एक डंपर और एक जेसीबी को पकड़ा। जब्त किए गए वाहनों को सीज कर थाना परिसर ले जाया गया है। पुलिस खनन में शामिल लोगों की पहचान कर रही है और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में है। इस संबंध में खनन अधिकारी अमित ने बताया कि उन्हें अवैध खनन की जानकारी मिलते ही वे मौके पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि जिन लोगों के नाम पर फर्जी अनुमति का उपयोग किया जा रहा है, उनकी भी जांच की जाएगी। आने वाले दिनों में ऐसे इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफिया में दहशत फैल गई है।

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, चार घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। शुक्रवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के जगत नगर गांव के पास बिल्हौर मार्ग पर कानपुर नगर के बिल्हौर उतरीपुरा निवासी 24 वर्षीय भरत पुत्र बृजमोहन अपनी बुआ को रंजीत खेड़ा छोड़ने के बाद घर लौट रहे थे ।वहीं, दूसरी बाइक पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के जकटापुर निवासी 25 वर्षीय संदीप पुत्र महेश सवार थे। उनके साथ उनके चचेरे भाई 24 वर्षीय आकाश पुत्र कमलेश और 27 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रामचंद्र भी थे। ये तीनों एक शादी के बाद बहन की चौथी (विवाह के चौथे दिन की रस्म) से वापस आ रहे थे। जगत नगर गांव के निकट एक मोड़ पर दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया।

बाजार से वापस घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सिकंदरपुर कर्ण में लगने वाली सब्जी बाजार में सामान खरीदने आए अचलगंज थाना क्षेत्र के पचोडड़ा निवासी 29 वर्षीय आशीष पुत्र बिंदा प्रसाद की घर वापस लौटते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा है।

पचोडडा निवासी आशीष शुक्रवार को सिकंदरपुर कर्ण कस्बा में लगने वाली बाजार में देर शाम सब्जी खरीदने गया था सामान खरीदने के बाद उन्नाव लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर दूसरी तरफ आ रहा था सड़क क्रॉस करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने आशीष को जोरदार टक्कर मार दी स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से अचलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टर ने आशीष को मृत घोषित कर दिया । मृतक गांव में ही रहकर मजदूरी करता था मृतक का विवाह अचलगंज थाना क्षेत्र के ईसुरी खेड़ा में हुआ था लेकिन चार-पांच माह पूर्व तलाक हो चुका था। मृतक के दो पुत्रियां हैं वह भी मां के साथ चली गई थी। घर में मौजूद मां केस दुलारी व पिता बिंदा प्रसाद का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक का बड़ा भाई अजय की 1 वर्ष पूर्व बंद हमीरपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। कोतवाल राजपाल ने बताया कि शव का पीएम कराया है परिजनों की तहरीर पर और पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर शुक्रवार रात 10:30 बजे तेज रफ्तार बाइक डंपर में पीछे से टकरा गई हादसे में युवक की मौत के बाद शनिवार को पीएम के बाद शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया परिजनों ने शव का खेत में अंतिम संस्कार कर दिया। हसनगंज कोतवाली के नींदमऊ गांव निवासी नीरज विमल 25 वर्ष शुक्रवार रात 10:30 बजे बाइक से लखनऊ से लौट रहा था ।तभी लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर नेवलगंज नहर के पास आगे चल रहे खाली डंपर में पीछे से टकरा गया हादसे में नीरज की मौत हो गई मौत के बाद शनिवार को देर शाम शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार खेत में कर दिया ।कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि परिजनों ने अभी तक तहरीर नहीं दिया है तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी, परिजनो ने शव का खेत में अंतिम संस्कार कर दिया।

पांच दिवसीय संस्कार महोत्सव का किया जाएगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा-उन्नाव। राष्ट्र जागरण पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण एवं संस्कार महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन आगामी 3 दिसम्बर से मां आनंदेश्वरी देवी मंदिर पश्चिम टोला पुरवा में होगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने दी।

पं० श्रीराम शर्मा आचार्य के गायत्री परिवार द्वारा राष्ट्र जागरण पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण एवं संस्कार महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन आगामी 3 दिसम्बर से स्थानीय कस्बा के मां आनंदेश्वरी मंदिर परिसर में होगा। शनिवार को कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर मीडिया को जानकारी दी।

वर्ष 2008 में प्रथम बार उक्त आयोजन पुरवा में हुआ था जबकि वर्ष 2024 में पहली बार प्रज्ञा पुराण का आयोजन हो चुका है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक महेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा चुकी है। निर्धारित योजना के अनुसार पहले दिन कलश यात्रा से प्रातः 10 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। सायं 3-6 बजे कथा का वाचन आचार्यों द्वारा किया जाएगा। अंतिम दिवस को पूणार्हुति व प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। बैठक में विद्याशंकर पाण्डेय एडवोकेट, अरुण मिश्रा एडवोकेट, संजय सिंह, अतुल, अंकित, मनीष आदि कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

मार्ग दुर्घटना में पति की मौत पत्नी ने बाइक चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के खिझौली निवासी सीमा पत्नी दिलीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर तहरीर देकर बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

सीमा ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 1 अक्टूबर को उसके पति साइकिल से घर आ रहे थे शाम 7:00 बजे बिहार मौरावां रोड पर मलौना पानी टंकी के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी ।पति का पीजीआई में इलाज के दौरान 7 अक्टूबर को निधन हो गया। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि सीमा की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

दुष्कर्म व पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट के वांछित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दियो कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी युवती के साथ दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट व अन्य धाराओं में पंजीकृत एफ आई आर में वांछित अभियुक्त लव कुश पुत्र बल्ले आयु लगभग 19 वर्ष निवासी ग्राम वाजपेई खेड़ा मजरा सिकंदरपुर कर्ण को पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया।

प्रमुख समाजसेवी पंडित ओम नारायण अग्निहोत्री का आकस्मिक निधन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला भटपुरी निवासी पंडित ओमनारायण अग्निहोत्री का शनिवार को प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। वह स्वयं में ही जीवंत युग थे। वर्तमान समय में सार्वजनिक सेवा और संपूर्ण समाज को समेट कर चलने वालों में शीर्षस्थ व्यक्तित्व थे। इनका परिवार नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के निकटतम सहयोगी पंडित विश्वभर दयालु त्रिपाठी के अति निकट था। उनके अचानक निधन से नगर एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करते हुए स्वर्गीय अग्निहोत्री के संगे भांजे सेवानिवृत्त शिक्षक एवं साहित्यकार धीरेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि₹ जिस तरफ मुड़ जाएंगे, रास्ता बन जाएगा ₹ इस विचार के संवाहक के रूप में विख्यात थे। एक दौर में राजनीतिक सन्तुलन तक उनके इर्द-गिर्द थे। उन्होंने सहकारिता आंदोलन, भारतीय जनसंघ, भारतीय क्रांति दल तथा जनता पार्टी के चुनावों में अग्रणी भूमिका निभाई थी। पूर्व सांसद चौधरी राघवेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि भी रहे थे। इन दिनों उनका झुकाव भारतीय जनता पार्टी की ओर था। रोचक तथ्य तो यह है कि वह भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी से विधानसभा का चुनाव भी लड़े थे और कामरेड राजेश्वर राव से घनिष्ठ संपर्क भी रहा था। उन्होंने बताया कि उन्नाव और प्रदेश की राजनीति में कई बार विधायक रहे लोकप्रिय नेता भीखालाल व संजीवन लाल व क्रांतिकारी शिवकुमार मिश्र इनके घर आया करते थे। पत्रकारिता क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कानपुर से प्रकाशित एक बड़े दैनिक अखबार में पत्रकारिता की। वर्तमान दौर में जब जातिवादी भटकाव और अन्य प्रकार की संकीर्णताएं नजर आ रही हैं, तब इतिहास साक्षी है कि स्वर्गीय अग्निहोत्री समस्त घिरौंदों के छोड़कर जन-जन के नेता थे।

जांच में नहीं निकले तेंदुआ के पंजे के निशान

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। बुधवार देर शाम खेत गए किसानों ने तेंदुआ देखा तो आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पंजे के निशान की फोटो ग्राफी कर जांच की पुष्टि के लिए लखीमपुर भेजा था। जहां पर जांच के बाद अन्य जानवर के पंजे होने की पुष्टि हुई है। तब जाकर वन विभाग ने राहत की सांस ली है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के समदपुर भावा व रसूलपुर बकिया गांव के बीच वन विभाग के जंगलों में किसानों ने तेंदुआ देखने की बात कही। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे रेंजर राजवीर सिंह सेंगर, डिप्टी रेंजर सुभाष चंद्र ने ग्रामीणों के साथ देर रात तक जंगल में कांबिंग की लेकिन पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह दोबारा कांबिंग के दौरान पंजे के निशान मिलने पर वन विभाग ने पुष्टि के लिए फोटो एक्सपर्ट के पास भेजी थी। जिसपर जांच में तेदुएं के पंजे की पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में रेंजर राजबीर सिंह सेंगर ने बताया कि जांच में जो पंजे की फोटो भेजी गई थी उसमें अन्य जानवर के पंजे की पुष्टि हुई है।

साइबर कैफे से चोरों ने पार कर दिया हजारों का सामान

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव धौरहरा निवासी संदीप कुमार का पुरवा - सोहरामऊ मार्ग पर हबूसा पुलिया के पास नवनिर्मित मकान है ।संदीप उक्त मकान में साइबर कैफे संचालित किए हुए है ।शनिवार सुबह संदीप दुकान पहुंचा तो दुकान का शटर खुला देख दंग रह गया ।अंदर जाकर देखा तो जीने के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और दुकान में रखा इनवर्टर, बैटरा, प्रिंटर गायब था ।संदीप ने दुकान में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है ।पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर चोरी करने का शक जाहिर किया है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांचकर जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

युवती हुई लापता भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव निवासी भाई ने थाने में तहरीर देकर अपनी 19 वर्षीय बहन को बहलाफुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। भाई ने तहरीर ने आरोप लगाया कि उसकी बहन 22 नवंबर को 9:00 बजे सुबह कानपुर स्कूल पढ़ने के लिए गई हुई थी वहीं से गांव का ही निवासी नैना उर्फ धीरज कुरील बहन को अपने जाल में फंसाकर मुंबई भाग ले गया ।जानकारी उसे फोन से मिली। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि नैना उर्फ धीरज के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

यूपी का जीडीपी सुधार में अहम योगदान

शाहजहांपुर में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बोले – उत्तर प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर पहुंचे वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सुधार में उत्तर प्रदेश का अहम योगदान रहा है। उन्होंने यह बयान देश की जीडीपी में अप्रत्याशित सुधार के नतीजों के बाद दिया। मंत्री खन्ना यहां विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है। वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ, जिससे हर क्षेत्र में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यूपी में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है और राज्य अब राजस्व अधिशेष (रेवेन्यू सरप्लस) वाला बन गया है। खन्ना ने बताया कि नीति आयोग ने उत्तर प्रदेश से काफी उम्मीदें की थीं और राज्य के लिए 30.77 का लक्ष्य तय किया था। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2017 में जब योगी सरकार सत्ता में आई थी, तब उत्तर प्रदेश की राज्य सकल घरेलू उत्पाद (एसजीडीपी) 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपए थी। आज यह बढ़कर 29 लाख 78 हजार करोड़ रुपए हो गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश का निर्यात बढ़ा है और कैग की रिपोर्ट में भी राज्य की सराहना की गई है। वित्त मंत्री ने जोर दिया कि कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश बढ़ा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश भविष्य में भी देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

सम्पादकीय

अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाक

एक बहुत पुरानी कहावत है 'कुत्ते की दुम' को 12 साल भी पाइप में रखो तब भी सीधी नहीं होती। यही हाल पाकिस्तान का भी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के घाव पूरी तरह से भरे भी नहीं हैं कि उसने फिर से भारत के अंदरुनी मामलों में दखल देने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या में श्रीराम मंदिर पर ध्वजा क्या फहराई, पाकिस्तान के पेट में दर्द हो गया। पाकिस्तान ने करीब 2 साल पहले 22 जनवरी 2024 को हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भी निंदा की थी। तब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था-हम अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा करते हैं। अब यूएन में अपील दायर कर पाकिस्तान ने कहा कि भारत की अदालतों ने भी मंदिर निर्माण की इजाजत दे दी। यह अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का बड़ा उदाहरण है। भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों पर दबाव बढ़ रहा है। भारत की कई ऐतिहासिक मस्जिदें खतरे में हैं। मुसलमानों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक तौर से हाशिये पर धकेला जा रहा है। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया, नफरत और मुसलमानों पर हमलों पर ध्यान दे। उसने यूएन और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से कहा कि वे भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं। जबकि सच्चाई इससे कोसों दूर है। भारत पर आरोप लगाने वाले पाकिस्तान को यह सब कहने से पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। पाकिस्तान में खुद बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की जा रही है। अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले और धमकियों की अनेक घटनाएं हुई, लेकिन वहां की सरकार ने दोषियों पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। 2023 में एक चर्च जलाने के आरोप में पकड़े गए 10 लोगों को हाल ही में अदालत ने बरी भी कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर हिंदू और ईसाई लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन शादी के मामले सामने आते रहते हैं, खासकर सिंध और पंजाब में। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का लंबा इतिहास है। कौन नहीं जानता है उत्पीड़न से परेशान होकर पाकिस्तान के हजारों हिन्दू परिवार भारत में शरण लिए हुए हैं। यहां तक कि इमरान खान की पार्टी से सांसद रहे डिवाया राम तक वहां हो रहे शोषण से दुःख होकर भारत भाग आए और आजकल हरियाणा के फतेहाबाद में मूंगफली बेच कर जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे ही एक पाकिस्तान के एक हिन्दू पुलिस अधिकारी भागकर पंजाब आ गए और कई सालों से यही रह रहे हैं। जिस देश में अल्पसंख्यक सांसद और पुलिस वाले ही सुरक्षित न हो, वहां आम आदमी के हालात के बारे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे देश को दूसरे को नसीहत देने का कोई अधिकार नहीं है। भारत सर्वधर्म पर विश्वास करने वाला देश है। हमारा संविधान सबको सामान अधिकार देता है। पाकिस्तान किसी धर्म विशेष की बात करके केवल और केवल भारत में अलगाव को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगा है। जिसमें वो कभी कामयाब नहीं हो सकता। क्योंकि नया भारत उसके हर मंसूबे से वाकिफ है।

चिंतन

डॉ.रमेश ठाकुर

> इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुदगी के मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दु:ख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

गुमशुगदी के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक

रहस्यमय ढंग से गुमशुदा होते लोगों को धरती निगल रही है या आसमान खा रहा है? ये सवाल गुजरे बीते महीनों से सभी के जुबान पर हैं। अनसुलझी पहेली जैसा बना हुआ है यह विषय। भारत में गायब लोगों के आंकड़ों में करीब 42 फीसदी का इजाफा हुआ है, जो अपने आप में अचंभित करता है। बीते सप्ताह आई 'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' की रिपोर्ट में भी बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट की मानें तो इस साल पूरे देश में एक लाख 16 हजार से ज्यादा गुमशुगदी मामले दर्ज हुए हैं। इजाफे की गति ने ही वैश्विक स्तर पर लापता लोगों के मामले में भारत को दूसरे पायदान पर काबिज कर दिया है। गुमशुदगी में राजधानी दिल्ली अव्वल है, लेकिन अछूता कोई प्रदेश नहीं है। चाहे मैदानी राज्य हों या पहाड़ी? हर जगह से लोग नियमित गायब हो रहे हैं। दुःख यह है कि बरामदगी का आंकड़ा बहुत धीमा है। ये कृत्य निश्चित रूप से बदनामी का ऐसा तमगा है जो किसी भी विकसित देश की महकती व्यवस्था पर कालिख पोतने जैसा है।

उत्तराखंड के हालात तो और भी खराब हैं। वहां रोजाना तीन लोग रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे हैं, उनका भी रिकवरी रेट बहुत कम है। असंख्य लोगों का गायब होना और किसी का सुराग ना लगना? अपने आप में चौकाता है, जबकि, वर्षों से निर्धन या अति पिछड़े देशों में गायब लोगों के संबंध में हम सुनते आते थे, जिनमें अफगानिस्तान, बलूच, पाकिस्तान, बाग्लादेश, योगांडा व कुछ अफ्रीकी देश शामिल थे। लोगों के गायब होने खतरा भारत में एकाध दशकों से ज्यादा मंडराया है। मेघालय, सिक्किम जैसे शांत प्रदेशों तक से लोग लापता हो रहे हैं। वहीं, दिल्ली में इसी साल पिछले मात्र 210 दिनों में 8 हजार के करीब लोग गायब हुए, जिनमें सिर्फ 290 लोग ही खोजे जा सके। सवाल उठता है कि उन्हें आसमान निगल गया, या धरती खा गई?

गुमशुदगी को लेकर विभिन्न प्रदेशों की सरकारों से लेकर प्रशासन और पुलिस महकमा भी अनोखी थ्योरी को सुलझाने में नाकाम है। खोजबीन व तमाम कोशिशों के बावजूद भी उनकी जांच-पड़ताल बेनजीता साबित हो रही है। तमाम कोशिशों के बावजूद भी लापता लोगों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। गुमशुदगी के ताजे आंकड़े एनसीआरबी के अलावा 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क' (जिपनेट) ने भी जारी किए हैं, जिनसे न सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली है, बल्कि जनमानस में भी डर बैठा है। जहां आंकड़े बढ़े बताए गए हैं वहा के वासी कुछ ज्यादा ही डरे हुए हैं, उन्हें अपनी और अपने परिजनों की चिंता समाने लगी हैं। आंकड़ों में ऐसे अनगिनत नौनिहाल भी हैं जो या तो पार्कों में खलने गए या ट्यूशन से पढ़कर वापस ही नहीं आए। बिहार, पंजाब, राज्यस्थान, तेलंगाना, हरियाणा में 2022-23 और 2023-24 के आंकड़ों में 22 फीदसी बढ़ोतरी भी चिंता बढ़ाती है।

गायब व्यक्तियों के प्रस्तुत आंकड़ों में जिपनेट ने एक और बात डरावनी कही है। विक्षिप्त किस्म के और बुजुर्ग वर्ग के जितने भी शव पुलिस को बरामद हुए उनमें चौकाने वाली बात यह निकली, उन ज्यादातर शवों में किडनियां गायब मिली हैं। ये मामला सीधे-सीधे मानव तस्करी और किडनी गैंग से जुड़ा प्रतीत होता है। समय-समय पर ऐसी खबरें आती ही रहती कि बड़े अस्पतालों

में अप्रत्यक्ष रूप से किड़नी गिरोह सक्रिए हैं? जो किडनियों की डिमांड को पूरा करने के लिए बुजुर्गों, मजदूरों, विक्षिप्तों व निर्बलों को टारगेट करते हैं। देशभर के नामी बड़े अस्पताल इन हरकतों में बदनाम रहे भी हैं। किडनी चोर का बड़ा गैंग कुछ वर्षों पहले एक्सपोज भी हुआ था, जिसके आका को पुलिस ने नेपाल से धरा था। 2024-25 के लापता आंकड़ों में पश्चिम बंगाल व असम के हालात तो और भी डरावने बताए गए हैं। गुमशुदगी के आंकड़े वैसे तो देश भर से सालाना या महीनों के हिसाब से पेश होते ही हैं, जिनमें एकाध या दर्जन भर लोगों के ही गायब होने की सूचनाएं होती हैं।

गौरतलब है कि गायब लोगों के मामलों में दिल्ली का आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। 1 जनवरी से लेकर 23 जुलाई 2025 के बीच 7 हजार 880 लोग गायब हुए हैं। इससे केंद्र भी चिंतित है। खुदा-न-खास्ता अगर ये गति समूचे देश में फैल गई तो कोहराम मच जाएगा। इसे किसी भी सूरत में रोकना होगा। व्यक्तियों के परिजन पुलिस थानों में चक्कर काटते हैं। मामले फाइलों में धूल फांकते रहते हैं। परिजन खुद से भी कोशिश करते हैं, पर सफलता उन्हें भी नहीं मिल रहीं? गुमशुदगी मामलों में 'संयुक्त राज्य अमेरिका' सदैव अव्वल रहा था। दूसरे नंबर पर भारत है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रत्येक घंटे में 88 महिलाएं, बच्चे और पुरुष गायब हो रहे हैं, यानी रोजाना 2,130 और हर महीने 64,851। 2022 से लेकर 2024 के बीच इन आंकड़ों में बेहताशा उछाल आया। ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले महानगरों में गति ज्यादा है। लापता में सर्वाधिक संख्या बच्चों और महिलाओं की है। पुरुष भी हैं, लेकिन बच्चियों और महिलाओं से कम।

कानाफूसी ऐसी भी है कि लापता लोगों को पकड़ने में कुछ गिरोह सक्रिए हैं। जो मानव तस्करी के अलावा, भीख मंगवाने जैसे कृत्यों में गायब लोगों को डाल रहे हैं। जहां तक दिल्ली में गायब लोगों की बात है तो दूसरे राज्यों के मुकाबले वहां सुरक्षित हमेशा चौकन्नी रहती है। बावजूद इसके ऐसा हाल? ताज्जुब यह भी है कि ऐसी घटनाएं हाई सिक्योरिटी जोन जैसे संसद मार्ग, चाणक्यपुरी, कनेटप्लस, तिलक मार्ग क्षेत्रों में हो रही हैं। जो क्षेत्र चौबीसों घंटे सीसीटीवी के निगरानी में हैं। प्रशासन बरामदगी को लेकर खाली हाथ है। वहां गायब हुए लोगों के आंकड़ों को जिपनेट जैसी विश्वसनीय संस्था ने उजागर किए हैं जो इस क्षेत्र में माहिर बताई जाती है। संस्था एक केंद्रीकृत डेटाबेस है जिनके आंकड़ों का प्रयोग, पुलिस, कोर्ट व कानूनी प्रक्रियाओं और जांच एजेंसियां करती हैं। अज्ञात शवों का भी विश्वसनीय डाटा उनके पास होता है। संस्था विभिन्न थानों, सरकारी संस्थाओं और प्लेटफार्मों से डाटा एकत्र करती है। जिपनेट के आंकड़ों पर एनसीआरबी की रिपोर्ट ने भी मुहर लगा दी है। समूचे भारत में फैली गायब होने की गति को थामना होगा। इस सरकार का कहना कि भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है, इसलिए ये आंकड़े बड़े लगते हैं। पर, ये चिंता व्यक्त करने का मुकम्मल तरीका कतई नहीं हो सकता। एक भी व्यक्ति का गायब होने का मतलब है सिस्टम की कार्यशैली पर सवाल उठाना। रिवकरी की स्पीड बढ़नी चाहिए, सुरक्षा तंत्र को चौकन्ना करना होगा। दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करनी होगी। गायब लोगों में अभी तक पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे राज्य ही बदनाम थे। लापता लोगों के कम रिकवरी रेट पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। दरअसल, ये ऐसा मानवीय पहलू है जिस पर सभी को गंभीरता से विमर्श करने की आवश्यकता है। ये ऐसी समस्या है जो किसी के भी दरवाजे पर आकर दस्तक दे सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख

नक्सलवाद

उज्ज्वल दीपक

राजनीतिक इच्छाशक्ति ने बंदूक की आवाज को दबा दिया

भारत में नक्सलवाद की समस्या दशकों तक एक ऐसे घाव की तरह रही है, जिसे देश ने बहुत दर्द के साथ झेला। हिंसा द्वारा लोकतंत्र को चुनौती देने का वामपंथी उग्रवादियों का लंबा इतिहास रहा है। इस तथाकथित 'विचारधारा की लड़ाई' ने प्रभावित क्षेत्रों में न सिर्फ विकास ठप किया बल्कि पिछले चार दशकों में हिंसा के चलते 16,000 से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों ने जान गंवाई हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के कड़े निर्णयों की वजह से वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव आज बहुत सीमित हो चुका है और लड़ाई अब अंतिम दौर में पहुँच चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की राजनैतिक प्रतिबद्धता और सुरक्षाबलों द्वारा लंबे और चुनौतीपूर्ण अभियानों ने नक्सलवाद की रीढ़ को अब तोड़ दिया है और उसे ऐसे मोड़ परला खड़ा किया है जहाँ से वापसी लगभग असंभव है। आदिवासियों के हक की बातें करने वाले तथाकथित गैर सरकारी संगठन एवं विदेशी वित्तीय सहायता से पनप रहे कुछ अर्बन नक्सलियों एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा का दंभ भरने वाले कई संगठन भी नक्सल पीड़ित क्षेत्रों में दोहरा चरित्र प्रदर्शित करते हैं। विडम्बना यह है कि उग्रवादियों ने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई की आड़ में विकास कार्यों का अवरोध किया और स्कूल, अस्पताल एवं सड़कों के निर्माण होने से रोका है। दशकों से कांग्रेस सरकार की वामपंथियों के प्रति सहानुभूति, जिसकी वजह से उपजी विफलता और शोषण के फलस्वरूप ही इतने वर्षों तक आदिवासी समुदाय को वामपंथी उग्रवाद दिग्भ्रमित करने में सफल होता रहा है। प्रभावित दूरस्थ अंचलों तक सुशासन की पहुँच ने आज जनता के दिल में सरकार के प्रति विश्वास का सेतु निर्माण किया है। वामपंथी उग्रवाद ऐतिहासिक रूप से ऐसे क्षेत्रों में पनपा जहां पर गरीबी ने अपनी जड़ें जमा रखी थी। उनके विचार से प्रभावित समूहों ने गरीबी से प्रभावित लोगों की असंतुष्टि को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल करके यहां पर उग्रवाद के बीज बोए थे। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने की वजह से सुरक्षा संस्थाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। परन्तु 2014 के बाद स्थिति बदली। मोदी सरकारकी गरीब कल्याण की योजनाओं का प्रसार इन क्षेत्रों में भी हुआ और लोगों को यह विश्वास हुआ की सरकार ही उनकी सच्ची हितैषी है, न कि उग्रवादी! विकास से जन भागीदारी के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रभावित क्षेत्रों में गरीब कल्याण और विकास के लिए योजनाओं पर अतिरिक्त जोर देकर सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की है। आत्मनिर्भर नए भारत में विकास और शांति के सन्देश के साथ गृह मंत्रालय ने वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए तीन आयामी रणनीति बनाई। "बेहतर रणनीति से उग्रवादियों पर लगाम", "बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय" और "विकास से जन भागीदारी"। इस तीन आयामी रणनीति से वामपंथी उग्रवाद पर लगाम कसने में ऐतिहासिक सफलता मिली है जो कि आंकड़ों से परिलक्षित होती है। पिछले 35 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद से सबसे कम हिंसक घटनाएँ और 40 वर्षों में सबसे कम मृत्यु इस वर्ष रिपोर्ट की गई। इन अभियानों में छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, बीएसएफ और अन्य बलों ने निर्भीकता, सामरिक बुद्धिमत्ता और निरंतर कार्रवाई से यह साबित किया कि लोकतंत्र पर उठने वाली किसी भी बंदूक को शांत किया जा सकता है बशर्ते राजनीतिक इच्छाशक्ति ठोस और स्पष्ट हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीति, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ प्रतिबद्धता, आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा के स्थानीय स्तर पर प्रभावी नेतृत्व ने इस सफलता को संभव बनाया। केंद्र और राज्य के बीच ऐसा तालमेल शायद इससे पहले कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में देखने को नहीं मिला था। इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व का समाप्त होना है। हिड़मा जिसे नक्सलियों का सबसे कुख्यात, सबसे क्रूर और सबसे रणनीतिक मास्टरमाइंड माना जाता था, अब इतिहास का हिस्सा है। हिड़मा की मौत सिर्फ एक व्यक्ति का अंत नहीं, बल्कि नक्सली आतंक के उस मनोवैज्ञानिक तंत्र का पतन है जो दशकों तक आदिवासी क्षेत्रों में भय का शासन चलाता रहा।

संकर सहज स्वरूप सम्हारा

संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है

संकलित

प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

अंतर्मन

आज की पाती

पाकिस्तान ने किया धर्मध्वजा का विरोध

भारत की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराएँ सदियों पुरानी हैं। यहां विविधता, सहिष्णुता और संविधानिक सुरक्षा ने हर धर्म, हर संप्रदाय को फलने-फूलने का अवसर दिया है। इसके उलट, पाकिस्तान की राजनीति अक्सर धार्मिक ध्रुवीकरण,अल्पसंख्यकों के दमन और भारत-विरोध पर आधारित रही है। हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत में मुस्लिम विरासत मिटाने और बाबरी मस्जिद की जगह मंदिर निर्माण के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में दखल की धमकी भी दे दी। परंतु, क्या पाकिस्तान अपनी दायर की गई इस शिकायत में नैतिक रूप से खड़ा हो सकता है? क्या वह स्वयं अपने देश में हुए अल्पसंख्यक उत्पीड़न की भयावह सच्चाई से आँख मिला सकता है?

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

करंट अफेयर

ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति की जेल की सजा शुरू

ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने मंगलवार से 27 साल की जेल की सजा काटना शुरू कर दिया। बोल्सोनारो को 2022 का राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश का दोषी पाया गया था। इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे दे मोरेस ने आदेश दिया कि बोल्सोनारो को उसी संघीय पुलिस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां वह देश छोड़कर भागने की आशंका के कारण गिरफ्तार किए जाने के बाद से थे। इससे पहले बोल्सोनारो (70) अगस्त से नज़रबंद थे।

ऑफ बीट

अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती

हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है - जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है

ट्रेंड

श्रद्धांजलि

संविधान दिवस पर हम अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता हमें एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहती है। हमारा संविधान गरिमा, समानता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व देता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

विश्वास स्थापित

भारत भाषाओं, संस्कृतियों, परम्पराओं तथा मान्यताओं से भरा एक विस्तृत संसार है। संविधान ने इन सभी विविध धाराओं को एक सूत्र में पिरोकर हमें एकजुट करने का अद्भुत कार्य किया है। यही संविधान हमें 'हम भारत के लोग' के रूप में जोड़ता है और विश्वास स्थापित करता है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

विस्तार से चर्चा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में कृषि, बागवानी क्षेत्र में पतंजलि द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने जेवर फूड पार्क को विस्तार देने पर चर्चा की।

- आचार्य बालकृष्ण, आयुर्वेदाचार्य

हर नागरिक से वादा

भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर नागरिक से किया गया एक वादा है। वादा कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा।

- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

संक्षेप

सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन

600 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ, विधायक बोले- बिना भेदभाव के दिया लाभ

सुलतानपुर, सामूहिक विवाह कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया। यह आयोजन पिछले साल बल्दीराय ब्लॉक के मुइली में हुए विवाह घोटाले के लगभग एक साल बाद हुआ है। इस बार कार्यक्रम के आयोजन स्थल को लेकर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की चचाएं तेज हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ऐसे कार्यक्रम आमतौर पर जिला पंचायत परिसर में आयोजित किए जाते रहे हैं। पिछले घोटाले के कारण योजना प्रभावित हुई थी। इस बार 600 से अधिक जोड़ों का विवाह कराया गया, लेकिन कार्यक्रम जिला पंचायत से हटाकर एक सत्ताधारी जनप्रतिनिधि के निजी कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मीडिया से बात करते हुए विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के लिए 680 जोड़े पंजीकृत हुए थे। उन्होंने कहा कि सरकार हर काम पारदर्शी प्रक्रिया से कर रही है। विधायक ने यह भी बताया कि प्रत्येक जोड़े को लगभग 40 हजार रुपए का सामान और 60 हजार रुपए उनके बैंक खाते में दिए जा रहे हैं।

महिला को दहेज के लिए जलाने का आरोप

सुल्तानपुर में पति और ससुराल वालों ने 2 लाख रुपए और बुलेट मांगी, एफआईआर दर्ज

सुलतानपुर, श्रेया सिंह ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। श्रेया का कहना है कि शादी के बाद से ही उनसे 2 लाख रुपए नकद और एक बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उन्हें प्रताड़ित किया गया और जलाने की कोशिश भी की गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। श्रेया सिंह का विवाह 23 जून 2023 को अयोध्या निवासी मंजीत सिंह से हुआ था। उनके पिता ने शादी में लगभग 5 लाख रुपए खर्च किए थे, जिसमें 1 लाख रुपए नकद, जेवरात और गृहस्थी का सामान शामिल था।

सुदामा चरित्र के साथ भागवत कथा संपन्न

कादीपुर में कथावाचक ने किया कथा का समापन

सुलतानपुर, कादीपुर नगर पंचायत क्षेत्र के विवेकानंद नगर बस स्टॉप के पास चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आज समापन हो गया। व्यासपीठ के पीठाधीश्वर हरि चयन शांडिल्य जी महाराज ने अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके बालसखा सुदामा के मिलन प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने सुदामा की गरीबी, संघर्ष और निष्काम भक्ति पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान पंडाल में मौजूद श्रोतागणों ने इसे ध्यानपूर्वक सुना। कथा के दौरान हरि चयन शांडिल्य जी महाराज ने संदेश दिया कि सच्चा मित्र वही होता है जो सुख-दुख में साथ खड़ा रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सच्चा भक्त वही है जो हर परिस्थिति में भगवान पर अटूट विश्वास बनाए रखता है।

एजीसी स्कूल रुपईडीहा में वार्षिक खेल दिवस का हुआ भव्य एवं सफल आयोजन

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। एसेम्बली ऑफ गॉड चर्च स्कूल, रुपईडीहा में 29 नवम्बर 2025 को वार्षिक खेल दिवस अत्यंत उत्साह, उमंग और अनुशासनपूर्ण वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। सुबह 10 बजे विद्यालय मैदान में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विशेष अतिथि, प्रिंसिपल, प्रबंधक, शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। मुख्य अतिथि आर. पाठक (वाइस-प्रेसिडेंट, एड-टेक एवं प्रोफेशनल मैराथन रनर, लीड्स एडिडास रनरझ्रदिल्ली) ने गुब्बारों का गुच्छा उड़ाकर खेल दिवस का शुभारम्भ किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने छात्रों को नियमित खेल, स्वस्थ जीवनशैली और अनुशासन का महत्व समझाया। विशिष्ट अतिथि वी. विक्रमन (डीआईजी, एसएसबी) परिवार सहित उपस्थित रहे। विशेष अतिथि श्री एवं श्रीमती टी. जॉनसन (यूएसए) ने विद्यालय के वातावरण और बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की तथा प्रबंधन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबन्धक आर. रेंबल, प्रिंसिपल जे. रेंबल, अमित श्रीवास्तव सहित शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा माला और बुके भेंटकर सम्मानपूर्वक किया गया। विद्यालय के छात्रों को चार हाउस (ग्रुप्स) रेंबल हाउस, मकेव हाउस, विलियम्स हाउस और सैमुअल हाउस में विभाजित कर विविध खेल स्पधाएँ आयोजित की गईं। पूरा दिन विद्यालय मैदान उत्साह से भरा रहा। मैराथन दौड़, लम्बी दौड़, रिले रेस, जिमनास्टिक, पेरेंट रेस, टीचर रेस, मटकी दौड़, प्लेट बॉल बैलेंस, धीमी साइकिल रेस, फीता दौड़ सहित अनेक आकर्षक प्रतियोगिताओं में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सौहार्द और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान की धुन से पूरा मैदान देशभक्ति के रंग में रंग गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिक खेल दिवस विद्यालय के लिए अत्यंत सफल रहा तथा इसने बच्चों में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और खेल भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का कार्य किया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर मेडिकल स्टोरों पर औचक छापेमारी, 28 कोडिन युक्त सिरप बरामद

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में औषधि विभाग और पुलिस ने नशीली दवाइयों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की है। औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण ने बताया कि मेरे नेतृत्व में रुपईडीहा थाना पुलिस की टीम ने स्थानीय मेडिकल स्टोर्स पर औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक मेडिकल स्टोर से 28 कोडिन युक्त कफ सिरप बरामद की गई, जिनकी बिक्री नियमों के विपरीत पाई गई। टीम ने संबंधित दवाइयों को कब्जे में लेकर स्टोर संचालक से लाइसेंस व स्टॉक का ब्यौरा मांगा। अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। औषधि निरीक्षक ने यह भी बताया कि जनपद में नशे के लिए उपयोग की जाने वाली नियंत्रित दवाओं के अवैध स्टॉक और बिक्री पर जिला प्रशासन की सख्त निगरानी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार की जाएगी, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। औषधि विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति नियंत्रित दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कन्हैयालाल परमेश्वर दीन मेमोरियल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नगर पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर की उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। कन्हैयालाल परमेश्वर दीन मेमोरियल हाई स्कूल सकेत नगर रूपईडीहा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 5 से 10 तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों द्वारा क्विज बॉक्स वाटर लेवल इंडिकेटर पवन चक्की कार्बन शुद्धिकरण जल चक्र सोलर सिस्टम चंद्रयान-3 ज्वालामुखी भूकंप मापी यंत्र लेजर होम सिक्योरिटी सिस्टम ट्रैफिक लाइट आदित्य एल 1 लिफ्ट आदि प्रकार के मॉडल बनाए थे। छात्रों में मुख्य रूप से अवंतिका सिंह आसिफ अक्षत विवेक शिल्पा सुहानी वर्तिका सौम्या कृष्ण सत्यम मनीषा प्रज्ञा अयान साधना दीप्ति मानसी, कोमल आदि ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रबंधक एवं ओंकारनाथ वर्मा प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार वर्मा विनय प्रकाश मुन्नालाल वर्मा मोहम्मद सफीक आरती वर्मा आदि ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कि जो लेवल जो मॉडल बच्चों द्वारा बनाए गए हैं, बच्चे इन मॉडलों को वास्तविक रूप भी दे सकते हैं। अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर ने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया।

संचार कर्मी पवन जायसवाल ने 106वीं बार रक्तदान कर बनाया रिकॉर्ड

नेपालगंज बांके व बर्दिया जिले में सबसे अधिक रक्तदान करने का रिकॉर्ड

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

बहराइच। भारत के पडोसी देश नेपाल के जनपद बाँके और बर्दिया सबसे अधिक रक्तदान करने वाले पहले रक्तदाता के रुप में रहे। शतक रक्तदाता तथा संचार कर्मी पवन जायसवाल ने 28 नवम्बर को 106 वी बार रक्तदान कर इतिहास रचा है। आपको बताते चलें कि बाँके जिला के नेपालगंज उप महानगरपालिका वार्ड नं.19 सुर्जी गाँव निवासी तथा नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज बाँके जिला कार्य समिति के सल्लाहकार, हिमालिनी अनलाईन, दैनिक नेपालगन्ज, जनमत अर्द्ध साप्ताहिक, नया नेपाल अवधी पृष्ठ लगायत के संवददाता हैं और लगातार रक्तदान कर रहे हैं। नेपाल रेडक्रस सोसाइटी बाँके शाखा द्वारा संचालित प्रादेशिक रक्त संचार केन्द्र नेपालगंज में 106 वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान फार्म संख्या नं. 3507 रहा। रक्तदान करने में प्राविधिक प्रादेशिक रक्त संचार केन्द्र नेपालगंज के महेश रानाक्षेत्री ने प्राविधिक सहयोग किया था। रक्तदान करते समय प्रादेशिक रक्त संचार सेवा नेपालगंज के प्रमुख उपेन्द्र रेग्मी के विशेष उपस्थिति में और प्राविधिम में शान्ति धनाडी, श्रृष्टि चौधरी लगायत लोगों की सहभागिता रही थी। नेपालगन्ज उप महानगरपालिका वार्ड नं 18 भुजईगाँव स्थित बुद्धचौक में रहा सिटी केयर हास्पिटल में उपचार्थ में रही बाँके जिला के नरैनापुर गा.पा. निवासी हसीना बानों को रक्तदान करके सहयोग किया गया। शतक रक्तदाता पवन जायसवाल ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार रक्तदान किया था तो मन में थोड़ा कमजोरी होने का झिझक था लेकिन बाद में यह झिझक टूटी और तब से लगातार वह रक्तदान करते चले आ रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि उनके प्रेरणा स्त्रोत उनके मामा अमेन्द्र जायसवाल रहे। मामा ने रक्तदान कार्य में मुझे रक्तदान करने को हौसला प्रदान किया।

रुपईडीहा मिशन शक्ति टीम ने बाबागंज मेला मे महिलाओं एवं बच्चों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। बीते शनिवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना रूपईडीहा की मिशन शक्ति टीम ने बाबागंज मेला थाना रूपईडीहा में महिलाओं एवं बच्चों को उच्चाधिकारी द्वारा दिए गये आदेशो निदेर्शों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकरी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया। बच्चियों को महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 107, 112, 181, 108 व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, मानव तस्करी, बाल विवाह के खिलाफ शपथ की जानकारी देते हुये बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी तथा पंपलेट चस्पा किया गया। मिशन शक्ति टीम मे उपनिरीक्षक सूर्यभान कुमार, आरक्षी रविन्द्र यादव सहित महिला आरक्षी प्रिया पाण्डेय शामिल रहीं।

वेल्किंग सोशल सर्विस फाउंडेशन का भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। संस्था वेल्किंग सोशल सर्विस फाउंडेशन का वार्षिकोत्सव संस्था के मिहिपुरवा कार्यालय पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि जितेंद्र प्रताप सिंहरजीतूर बहराइच एवं संजय सिंह सिसौदिया व्यापार मंडल अध्यक्ष मिहींपुरवा व विशिष्ट अतिथि विजय कांत मिश्रा वाराणसी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चियों द्वारा सांस्कृति प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सिंह ने संस्था दवारा किये जा रहे समाजसेवी कार्यो की साराहना की और संस्था के चल रहे सिलाई केंद्र से जहाँ किशोरियों को ज्ञान मिलेगा वही स्वरोजगार से जीवन यापन को बल मिलेगा। संस्था के विगत वर्ष 8 बालिकाओ का विवाह समाज के सहयोग से कराने को इक बड़ा उपलब्धि बताये चाहे महिला जागरुकता कार्यक्रम हो या संचारी रोगो से बचने को प्रोत्साहित कराने संस्था के साथ पूरा सहयोग करने की बात कही। संस्था के दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर समाजसेवियों विनोद कुमार पाठक, गुलाम हजरत, मिथिलेश सिंह, लक्ष्मी वैश्य, धर्मेंद्र सिंह मौर्य सहित प्रबुद्ध व्यक्तियों को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप संस्था से सिलाई कार्य सीख रही जनजाति की बालिकाओं दवारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति की गई, कार्यक्रम में संस्था के निदेशक प्रदीप जायसवाल संस्था के कार्यकार्ता एवम पदाधिकारी काफी सांख्य में उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय कृषकों को किया गया दलहनी बीज मिनीकिट का वितरण

नवाबगंज के जैतापुर में हुआ बीज वितरण कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत जैतापुर मे क्षेत्र के दर्जनों किसानों को दलहनी बीज मिनीकिट (मसूर बीज) का वितरण किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह रहे। ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह के हाथों से आसपास के दर्जनों गांवों से आए हुए लगभग 45 कृषको को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन घटक) योजना अंतर्गत निःशुल्क दालहनी बीज मिनीकिट मसूर बीज का वितरण किया गया। इस दौरान दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु किसानों को प्रेरित भी किया गया। इस मौके पर प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार आशीष कुमार सहित राजेश गौतम, ऋषि प्रकाश व काफी संख्या में क्षेत्र के कृषक मौजूद रहे।

डीके श्रीवास्तव बने कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी

आम जनमानस की सुरक्षा पहली प्राथमिकता: डी के श्रीवास्तव

अमन लेखनी समाचार / सिराज अली कादरी

कैसरगंज, बहराइच। नव आगंतुक पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कैसरगंज सर्किल क्षेत्र का पदभार ग्रहण किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आम जनमानस को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र में और बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था लागू करेंगे अगर किसी ने भी माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में अमन चैन शांति कायम रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। आम लोगों से यह अपील है कि ठंडक के दिनों में अक्सर चोरी की घटनाएं ज्यादा बढ़ जाती हैं इसलिए कस्बे के दुकानदार एवं लोग अपने घरों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए ताकि कोई भी क्राइम होने पर पुलिस को आसानी हो सके। समाज में कानून व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस पूरी तरह से तत्पर है।

किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही सरकार: रामनिवास वर्मा

नानपारा विधायक ने किसानों को बांटे मसूर बीज के मिनी किट

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। नानपारा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने किसानों को दलहन मसूर बीज के मिनी किट का वितरण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। किसानों को निशुल्क दलहन मसूर बीज उपलब्ध करा कर उनकी आय दोगुनी करने का कार्य कर रही है। आयोजित कार्यक्रम में सौ से अधिक किसानों को मसूर बीज के मिनी किट वितरित किए गए। इस मौके पर कृषि कल्याण केंद्र बलहा के प्रभारी अमर सिंह, ग्रुप ए राम प्रकाश मौर्य के साथ ही सैकड़ो किसान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

59वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा ने आयोजित किया राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शनिवार को 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा ने राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन कमाण्डेंट कैलाश चंद रमोला के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मास्टर ट्रेनर पलाश लूथरा, सहायक कमाण्डेंट और उनकी टीम ने किया। एक दिवसीय प्रशिक्षण के दो बैच में कुल 72 कार्मिकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को राष्ट्र सेवा और सेवा भाव के प्रति अधिक समर्पित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करना था। कार्मिकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यशाला को अत्यंत सफल बनाया। कार्यक्रम की मुख्य झलकियाँ और छायाचित्र संलग्न किए गए हैं, जो प्रशिक्षण के उत्साह और समर्पण को दशार्ते हैं।

काजीपुरा की छात्रों को दी गई मिशन शक्ति की जानकारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज काजीपुरा में सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश के अंतर्गत मिशन शक्ति का पांचवा चरण 22 सितंबर से 24 दिसंबर 2025 के मध्य संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज काजीपुरा प्रधानाचार्य बच्छराज, थाना नगर कोतवाली की उप निरीक्षक प्रभा दूबे, महिला हेड कांस्टेबल भगवती वर्मा एवं महिला कांस्टेबल चांदनी यादव के नेतृत्व में समस्त छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट व महिला बीट पुलिस अधिकारी, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वायड, महिला अपराधों पर तुरंत कार्यवाही, वीमेन पावर लाइन -1090, ऑनलाइन फैमिली काउंसलिंग, महिला साइबर सेल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, बैंकिंग कारेस्पान्डेन्ट सखी, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर आफरीन अख्तर एवं कंचन लता मौजूद रहीं।

संक्षेप

डायट में कला-संस्कृति महोत्सव सम्पन्न

100 प्रतिभागियों ने लगाई आकर्षक प्रदर्शनी, 12 को सम्मानित किया गया

ग्रेटर नोएडा , दनकौर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में दो दिवसीय कला, क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव-2025 का समापन हो गया। इस महोत्सव का उद्घाटन प्राचार्य एवं सहायक शिक्षा निदेशक अर्चना गुप्ता और मुख्य अतिथि प्रोफेसर गजनफर जैदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया था। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र के दौरान उप शिक्षा निदेशक राज सिंह यादव ने कला के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कला मानव जीवन का अभिन्न अंग है और व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यादव ने प्रतिभागियों को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। महोत्सव में जिले के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के साथ-साथ डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भी भाग लिया। उन्होंने विभिन्न प्रकार की पेंटिंग और कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, जिसकी उपस्थित दर्शकों ने सराहना की। इस प्रदर्शनी में लगभग 100 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में शशिकांत तिवारी और डॉ. प्रतीक सागर शामिल थे, जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम के समापन पर, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 12 प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

जीआरपी ने ट्रेन में चोरी करने वाला पकड़ा

सोने-चांदी की ज्वैलरी, मोबाइल बरामद, भीड़ का फायदा उठा कर करता था चोरी

गाजियाबाद , जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई रेलवे पुलिस उपाधीक्षक सुदेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में की गई। पुलिस टीम प्लेटफॉर्म नंबर 5/6 पर गश्त कर रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर इधर-उधर छिपने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी की पहचान विकास कुमार उर्फ बॉबी के रूप में हुई है विकास मूल रूप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। सी ओ सुदेश गुप्ता ने बताया कि आरोपी लंबे समय से गाजियाबाद और आसपास के स्टेशनों पर यात्रियों को निशाना बना रहा था। वह अकेले ट्रेन में यात्रा करता था और भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के मोबाइल फोन, पर्स, और अन्य कीमती सामान चोरी कर लेता था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का भारी सामान बरामद किया है। इसमें सोने की पांच अंगूठियां, एक चैन, चांदी की अंगूठी, दो आर्टिफिशियल हार, चार कंगन, दो चूड़ियां, दो मोबाइल फोन, एटीएम, पहचान पत्र, और करीब 8 हजार रुपए बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी रेल यात्रियों से चोरी की घटनाओं में संलिप्त होने की जानकारी मिली है।

एनसीसी से निखरती है युवाओं में राष्ट्र प्रेम,अनुशासन, नेतृत्व की भावना:कर्नल

गांधी इंटर कॉलेज छाता में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित हुई

स्वच्छ सुंदर अच्छे कीड़ा स्थल का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। शनिवार को जनपद मथुरा के छाता गोवर्धन रोड स्थित गांधी इंटर कॉलेज के मैदान पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , इस खेलकूद प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में कॉलेज के बच्चे बच्चियों ने भाग लिया,इस खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एनसीसी 11 यूपी बटालियन कर्नल रजत पांडे रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मेजर रामबाबू पाठक रहे ।एनसीसी कैडेट्स स्काउट गाइड के द्वारा सबसे पहले मुख्य अतिथि कर्नल रजत पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का सुभारंभ विधि विधान से कीड़ा स्थल पर पंडित वीरेंद्र गौतम के द्वारा पूजा अर्चन कर व मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां शारदे के समक्ष्य दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वी के सारस्वत, दीनानाथ शर्मा ,अतुल शर्मा , अतुल शर्मा अन्य द्वारा मुख्य अतिथि आने वाले सभी महानुभावों को सोल दुपट्टा उढाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत विद्यालय के बच्चे बच्चियों के द्वारा पेश कर दर्शको का मन मोह लिया। कीड़ा स्थल पर मसाल जलाकर कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें 100 मीटर 200 मी 400 मी 1500 मीटर ऊंची कूद लंबी कूद आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य बीके सारस्वत ने अतिथि परिचय कराते हुए खेलों की महत्वता को बताते हुए कहा खेलकूद का बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण स्थान है। कर्नल रजत पांडे ने कहा कि ग्रामीण इलाके के सरकारी कॉलेज के अंदर इतनी अच्छी व्यवस्था देखने के बाद बहुत अच्छा लगा। यहां अपने निजी खर्चे के द्वारा अपनी जमीन पर एक अच्छे कीड़ा स्थल का निर्माण किया है, जो देखने में बहुत सुंदर है। एनसीसी कैडेट्स वह अन्य सभी की आवश्यकता होती है अच्छा खेल का मैदान हो। बच्चों की ट्रेनिंग के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलेगा । मैनेजर राम बाबू पाठक ने कहा कि बच्चों के अंदर ऐसे गुणों का विकास हो जिससे वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहें, कर्नल साहब से निवेदन किया है कि इस विद्यालय में एनसीसी के छात्रों की जरूरत को देखते हुए सीट बढ़ाई जाए अभी तक विद्यालय में एनसीसी के छात्रों के लिए 51सीट हैं,जो डबल हों। विभिन्न क्षेत्रों में इस विद्यालय के एनसीसी के छात्र बहुत मिलते हैं, हमारा प्रयास है कि उच्च अधिकारी के पद तक पहुंचे ।प्रधानाचार्य खुशबू चक, सुरेश चंद्र तोमर प्रधानाचार्य, अनुश भदोरिया प्रधानाचार्य, हरिराम यादव ,प्रमोद कुमार ,राकेश रंजन, टीकम शुक्ला, गंगा श्याम शर्मा ,संजय , श्री मति अंजू , नारायन सिंह मंच का संचालन राजेश कुमार झा ने किया।

दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा के समापन में जहानाबाद के खिलाड़ियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के विधानसभा क्षेत्र में युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारोत्तोलन विधा में विधानसभा जहानाबाद के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का प्रभावशाली परिचय दिया। सीनियर वर्ग 81 किलोग्राम में दारागंज के कपिल साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्षित सोनी ने दमदार प्रतिस्पर्धा के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर वर्ग 73 किलोग्राम प्रतियोगिता में मोहम्मद आदिल ने अपने शानदार खेल के दम पर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्पित सचान ने दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आशीष कुमार, अमित माथुर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, अमौली के खंड विकास अधिकारी तथा विधायक प्रतिनिधि आशीष वर्मा उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और स्थानीय खेल प्रेमियों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना कर दिया। विधायक खेल स्पर्धा के सफल आयोजन ने क्षेत्र में खेलों के प्रति बढ़ती रुचि और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।

मोदीनगर में भाकियू का प्रदर्शन

किसानों ने दी आत्मदाह की चेतावनी, गन्ने की फसल खराब होने पर जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव भनैड़ा में एक किसान की खड़ी ईंख की फसल को ट्रैक्टर से नष्ट करने का मामला सामने आया है। इस घटना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों और किसानों ने मोदीनगर तहसील में प्रदर्शन किया। एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देते हुए किसानों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे चक्का जाम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दस किसान तहसील परिसर में आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है। भाकियू पदाधिकारी गांव भनैड़ा के किसान अरविंद कुमार के साथ तहसील पहुंचे। अरविंद कुमार ने बताया कि उनकी ईंख की फसल को उनके ही एक रिश्तेदार ने ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। इस घटना का फेसबुक पर लाइव प्रसारण भी किया गया था। किसानों ने आरोप लगाया कि डायल 112 पर सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। तहसील में एसडीएम की अनुपस्थिति में भाकियू पदाधिकारियों ने उन्हें फोन पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और पेशकार को शिकायत पत्र सौंपा। वे करीब एक घंटे तक धरने पर बैठे रहे। एसडीएम मोदीनगर अजित कुमार सिंह ने किसानों को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सड़क पर बवाल : मथुरा के गोवर्धन चौराहे पर रोडवेज कर्मी और ट्रैफिक पुलिस कर्मी की तीखी नोंकझोंक

अमन लेखनी समाचार

मथुरा में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर को राजस्थान रोडवेज की बस का चालान काटना उस समय भारी पड़ गया जब बीच रोड पर बस को रोक कर सवारी भर रही बस का चालान ट्रैफिक दारोगा ने चालान काटने का प्रयास किया । पुलिसकर्मियों द्वारा चालान काटने को देखकर बस कंडक्टर ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर पर भड़क गया और उसके साथ अभद्रता करने लगा इतना ही नहीं बस कंडक्टर ने दरोगा का हाथ पकड़ कर खींच बस के आगे से हटाने का प्रयास किया । लेकिन मौके पर मीडिया कर्मियों के वीडियो बनाए जाने को देख बस कंडक्टर ने अपना रवैया बदल लिया ।इतना ही नहीं जब बस ड्राइवर से बीच रोड पर गाड़ी लगाने और लंबा जाम लगने की बात कही तो बस ड्राइवर भी अपनी गलती को मानता हुआ नजर नहीं आया उल्टा दरोगा और पत्रकारों को ही नसीहत देने लगा और बोला बस स्टैंड बनवा दो ।बस ड्राइवर की हठधर्मिता इस कदर थी कि इस सब के बावजूद भी वह बस को बीचरोड पर ही बस को खड़ा करके रखा लेकिन जब लोगों ने हंगामा किया तब बस ड्राइवर ने बस को आगे बढ़ाया । इस दौरान चौराहे पर लंबा जाम लग रहा स्थानीय लोगों ने बताया कि राजस्थान रोडवेज के बस चालकों द्वारा मनमाना करते हुए काफी देर तक बस खड़ी करके रखते हैं और बीच रोड पर सवारी भरने के कारण पीछे लंबा जाम लग जाता है जो बड़ी समस्या बनता जा रहा है स्थानीय लोगों ने अब जिला प्रशासन से मांग की है कि रोडवेज बस के लिए निर्धारित स्थान निश्चित करें अन्यथा की स्थिति में किसी दिन बड़ा बवाल भी हो सकता है ।

ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी

चालक गंभीर घायल, दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर हुआ हादसा, आरोपी चालक फरार

अमन लेखनी समाचार

बागपत, उत्तर प्रदेश के बागपत में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सिसाना गांव के पास हुई। हरचंदपुर गांव निवासी फिरोज अपनी ई-रिक्शा लेकर बागपत से गौरीपुर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल फिरोज को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत की है और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। फिरोज के भाई अरमान ने बताया कि फिरोज पहले से बीमार रहते हैं और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने ट्रक चालक पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। घायल फिरोज का अस्पताल में इलाज जारी है।

पीरपुर में शुरू हुआ धनुष यज्ञ मेला

❍ तैयारियां जोरों पर, इस बार होगा भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फरधान खीरी। लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीरपुर में शुरू हुआ श्री धनुष यज्ञ मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मेले के शुभारंभ से पहले, मेला कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा विधि-विधान से हवन और नींव पूजन किया जाएगा। मेला कमेटी के अनुसार, इस बार मेले का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए झूले, खिलौने, कॉस्मेटिक की दुकानें और चाट-पकौड़ी के ठेले लगाए जाएंगे।बाहर से आने वाले कलाकारों द्वारा नाटक का भी मंचन किया जाएगा, जो पूर्व की भांति दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। मेला कमेटी में राम प्रकाश गुप्ता (अध्यक्ष), मधुकांत तिवारी (कोषाध्यक्ष), कृष्ण मुरारी शर्मा (संचालक), मुकेश गिरी (महासचिव), अनूप तिवारी (लेखक), पंकज वर्मा (पूर्व प्रधान), बबलू मिश्रा, सोनू वर्मा, घनश्याम वर्मा, राम नारायण पांडे, मनोज वर्मा, मोतीलाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अभिषेक अवस्थी, मोहम्मद हनीफ, अजीज अहमद, भारत प्रसाद सैनी, शिवम शर्मा, हरिशचंद्र लपू, गौतम, शिवपाल सिंह, शिव कुमार, जगतपाल राठौर, राजेश गौतम, डॉक्टर राकेश गुप्ता, राजू गुप्ता और राम प्रकाश तिवारी शामिल हैं। कमेटी ने सभी दुकानदारों, भक्तों और ग्रामीणों का हार्दिक स्वागत किया है।

धनसिंह कोतवाल को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

हरियाणा में उनके नाम पर होंगे बड़े कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल के जन्मदिवस पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के नेताजी सुभाष चंद्र सभागार में क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ द्वारा यह संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेश नागर थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा में भी धनसिंह कोतवाल पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंत्री नागर ने धनसिंह कोतवाल की शहादत को भारतीय इतिहास की एक बड़ी घटना बताया। उन्होंने कहा कि 1857 में धनसिंह कोतवाल ने दो जेलें तोड़कर 800 से अधिक कैदियों को मुक्त कराया था और 'मारो फिरंगियों' का नारा देकर क्रांति की शुरूआत की थी। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों ने उनके गांव पर तोपों से हमला कर 400 से अधिक लोगों को मार दिया था और कई दिनों तक पेड़ों पर फांसी पर लटकाए रखा था। अति विशिष्ट अतिथि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि धनसिंह कोतवाल की शहादत जितनी बड़ी है, उतनी ही उनकी गुमनामी भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी को मिलकर धनसिंह कोतवाल के सम्मान में कार्य करना चाहिए और उन्हें उचित सम्मान दिलाने का प्रयास करना चाहिए। विधायक गुर्जर ने यह भी घोषणा की कि वे लोनी में धनसिंह कोतवाल के नाम पर एक सड़क का नामकरण कराएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद और ओडिशा प्रभारी श्री विजयपाल सिंह तोमर ने की।

उन्होंने अपने संबोधन में 1857 की क्रांति में धनसिंह कोतवाल के बड़े बलिदान को रेखांकित किया।

संगोष्ठी को ओमप्रकाश चेयरमैन, निशांत चेयरमैन, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष अतुल तेवतिया, पूर्व खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह, पूर्व विधायक कमल सिंह मलिक और आर्य दयानंद नागर सहित कई प्रमुख समाजसेवियों ने भी संबोधित किया।

बच्चा न होने पर महिला ने की आत्महत्या

लंबे समय से आईवीएफ से संतान की प्राप्ति की कोशिश कर रहे थे दंपति

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की अंसल टाउनशिप कॉलोनी के लोटस टावर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मेरठ में मैनेजर वैभव की पत्नी सरिता ने कथित रूप से डिप्रेशन के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है और मायके पक्ष को भी सूचना दे दी है। पुलिस के अनुसार सरिता मूलरूप से आगरा के थाना सिकंदरा स्थित आवास विकास कॉलोनी की निवासी थीं। करीब चार साल पहले वैभव और सरिता ने दूसरी शादी की थी। दंपती काफी समय से संतान प्राप्ति के लिए आईवीएफ प्रक्रिया का सहारा ले रहे थे, लेकिन सभी प्रयास विफल होने के बाद सरिता गंभीर मानसिक तनाव और अवसाद से गुजर रही थीं। बताया गया कि वह पिछले कुछ दिनों से उपचार हेतु दी जाने वाली दवाइयाँ भी नहीं ले रही थीं। जिस समय वैभव बैंक में ड्यूटी पर थे और सरिता घर पर अकेली थीं। इसी दौरान उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। पड़ोसियों को जब उनकी हालत बिगड़ती दिखी तो उन्होंने तत्काल पुलिस और पति वैभव को सूचना दी। वैभव उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने सरिता को मृत घोषित कर दिया। सीओ दौराला प्रकाश चंद अग्रवाल ने बताया कि दंपती के बीच किसी घरेलू विवाद की बात सामने नहीं आई है। प्रथमदृष्टया यह मामला मानसिक तनाव और अवसाद से जुड़ा प्रतीत होता है।

किसानों की समस्याओं पर प्रदर्शन

बागपत में प्रशासन ने 15 दिन में समाधान का आश्वासन दिया

अमन लेखनी समाचार

बागपत, राष्ट्रीय नवनिर्माण दल के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर कार्यकताओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना भी दिया गया। राष्ट्रीय नवनिर्माण दल के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के किसान लंबे समय से परेशान हैं। बढ़ती महंगाई, खाद-बीज की किल्लत, समय पर भुगतान न मिलना और स्मार्ट मीटर योजना में हो रही अनियमितताओं के कारण किसान आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। कार्यकताओं ने कृषि से जुड़ी परेशानियों, बिजली बिलों की गड़बड़ियों, सिंचाई संकट और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान जैसे मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट प्रभारी ज्योति शर्मा मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्राप्त किया। ज्योति शर्मा ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों को संबंधित विभागों तक भेजा जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान कराया जाएगा। शर्मा ने कहा कि प्रशासन किसानों की हर समस्या के प्रति संवेदनशील है और 15 दिनों के भीतर समाधान की प्रगति पर स्पष्ट कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद राष्ट्रीय नवनिर्माण दल के कार्यकताओं ने बैठक कर धरना समाप्त करने का निर्णय लिया।

पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ आरोपी पकड़ा

❍ चेकिंग अभियान में गाजियाबाद का बदमाश गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बागपत, कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक अवैध .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी अब्दुल मादलक उर्फ बबलू के रूप में हुई है। पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कस्बा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध हथियार मिला, जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अवैध असलहा लेकर घूम रहा था और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। प्रारंभिक पूछताछ में बबलू हथियार का कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी आपराधिक घटना को रोका जा सके। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि बरामद तमंचा कहां से लाया गया था, इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था और क्या इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे अपराध पर नियंत्रण पाया जा सके।

नालासोपारा में नकली शराब फैक्ट्री पर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई,

वसई । क्राइम ब्रांच यूनिटझ2 (मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय) ने गुप्त सूचना के आधार पर नालासोपारा (पूर्व) के तुळींज थाना क्षेत्र में स्थित ठाकुर चाळ,साईधाम ठाकुर नगर,बावशेतपाडा और संतोष भवन क्षेत्र में बड़ी छापेमारी करके नकली शराब बनाने वाले कारखाने का पदार्फास किया है।सूचना के अनुसार धर्मराज बाबूलाल निसाद (55) दिवझदमणझगोवा से सस्ती शराब लाकर उसमें रासायनिक पदार्थ मिलाकर प्रसिद्ध कंपनियों की बोतलों में पैक करके महंगे दामों में बेचता था।छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली शराब और उससे जुड़ा सामान जब्त किया है।जब्त शराबः प्रीमियम व्हिस्की - 90 बोतलें,डॉक्टर डैन चॉइस माल्ट व्हिस्की -144 बोतलें,रॉयल्स इम्पैक्ट व्हिस्की- 24 बोतलें,मैकडॉवेल्स नं.1- 60 बोतलें, इम्पीरियल ब्लू - 50 बोतलें और जब्त सामग्री :विभिन्न कंपनियों की 10 बंडल खाली बोतलें,मैकडॉवेल्स नं.1 के 500 ढक्कन, इम्पीरियल ब्लू के 600 ढक्कन,शराब में मिलाने के लिए रखा गया

सेमीफाइनल मुकाबले में केजीएन ने अलकछुआ को 6 विकेट से हराया

आज केजीएन मौदहा और स्टार वाइस बांदा के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।कस्बे में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव 2025 के पहले फेज में टेनिस क्रिकेट टूनार्मेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को केजीएन और अलकछुआ के बीच 15-15 ओवरों का खेला गया। इस मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे फहीम व आसिफ उपरौस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे अलकछुआ ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर कुल 125 रन बनाए।वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी केजीएन ने निर्धारित ओवरों में 129 रन बनाकर 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया।केजीएन की ओर से 2 विकेट एवं 60 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलने वाले मनोज को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ दी मैच देकर सम्मानित किया।इस बाद दूसरा मुकाबला स्टार वाइस और सहारा के बीच खेला गया।जो बड़ा ही रोमांचक रहा।जिसमे स्टार वाइस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।जिसपर बल्लेबाजी करने उतरी सहारा टीम निर्धारित ओवरों में 101 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार वाइस ने दो गेंद पहले ही बाउंड्री मारकर मुकाबला अपने नाम दर्ज कर लिया इसी तरह फाइनल में प्रवेश पा लिया। स्टार वाइस की ओर से मोहित ने 36 रनों की नाबाद पारी खेली। जबकि 3 विकेट लेने यशराज को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मुकाबले में रैफरी की भूमिका राजा बाबू व अन्नी माहतौ ने निभाई। जबकि कमेन्ट्री साकेत सिंह एवं स्कोरिंग समीर ने की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, हामिद हुसैन, बाबू जी, सोना पहलवान, बाबू गुनिया, जुम्मन भईया, महबूब जुलूस सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। आज टेनिस क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला स्टार वाइस बांदा और केजीएन मौदहा के बीच 1 बजे से खेला जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि चेयरमैन रजा मुहम्मद उर्फ श्रीनाथ होंगे।

श्री राम विवाह महोत्सव

पिहानी, हरदोई। माँ इच्छापूर्णी रामजानकी मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिवस पर पूज्य प्रकाश चंद्र जी महाराज ने कथा को संबोधित करते हुए कहा, कि साधारण जीवों को श्री कृष्ण के चरित्र पर संदेह हो सकता है लेकिन यदि आप लीला पुरुषोत्तम को समझना चाहते हैं तो आपका श्री राधा जी के चरणों में निष्ठ प्रेम होना चाहिए तभी आप समझ पायेंगे।आचार्य ने कहा, कि भगवान श्रीकृष्ण की 8 पत्नियां थी। जो रुक्मणि, जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा था। भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध किया और उन सभी कन्याओं को कैद से मुक्त करा दिया, जब वह सब अपने घर पहुंची तो परिवार वालों ने उनको अपनाने से मना कर दिया।लोकलाज के भय से मरने को व्याकुल कन्याओं को श्री कृष्ण ने 16 हजार रूपों में प्रकट होकर एक साथ उनसे विवाह रचाया।भगवान की सभी लीलाओं में गूढ़ भाव होता है, जो साधारण मनुष्यों की समझ में आने वाला नहीं है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंदिर महंत वैष्णव हरिशरण महाराज, रामसेवक रस्तोगी, लल्लन रस्तोगी, जगदीश प्रसाद शुक्ला, कृष्णपाल जोशी, अखिलेश मिश्रा, धर्मेंद्र सोनी समेत भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

वार्षिक खेल दिवस में विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन

कैबिनेट मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप रहे मुख्य अतिथि

अमन लेखनी समाचार

अमेठी।जगदीशपुर स्थित क्राइस्ट द किंग इंटर कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित भव्य वार्षिक खेल दिवस में विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके बाद पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और खेल भावना के जोश से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंट जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज के प्रिंसिपल रेव. फादर वॉल्टर डीह्लसिल्वा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और यह नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे रेव. मॉन्सिन्योर रेजिनाल्ड पॉल डीह्लसूजा, प्रबंधक क्राइस्ट द किंग इंटर कॉलेज एवं वाइसर जनरल, धर्मप्रांत इलाहाबाद, ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों में टीम स्पिरिट, नेतृत्व गुण और चुनौतियों का डटकर सामना करने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि मैदान पर खेल के दौरान सीखे गए मूल्य जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नींव बनते हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षित और जागरूक पीढ़ी की भूमिका सर्वोपरि होती है। उन्होंने कहा कि ह्लशिक्षा एक शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा और वही आगे बढ़ेगा।ह्व उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को देश में शिक्षा और समानता के अग्रदूत के रूप में स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन और कठिन परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को केवल ज्ञान नहीं देती, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का साहस, आत्मविश्वास और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी प्रदान करती है। मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप ने विद्यालय की प्रिंसिपल श्री मनोज डीह्लसिल्वा के नेतृत्व की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय शैक्षणिक परिणामों, अनुशासन, प्रबंधन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अद्वितीय उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। उन्होंने उन्हें दूरदर्शी, प्रभावशाली और अत्यंत समर्पित प्रशासक की संज्ञा देते हुए कहा कि विद्यालय की यह प्रगति उनके सतत प्रयासों और सशक्त नेतृत्व का परिणाम है।

खास समाचार

मेले में उमड़ रही भीड़ , सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ के मौके पर तपोभूमि में विशाल मेला लगा हुआ है।भीड़ को मद्देनजर रखकर थानाध्यक्ष ने मेला पुलिस चौकी की स्थापना करके कस्बा इंचार्ज को मेला प्रभारी बनाया है।सुरक्षा के लिए प्रभारी के साथ 26 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। श्री गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में तपोभूमि प्रांगण में विशाल मेला लगा है।महिलाएं, बच्चे चरखी झूले आदि का आनंद उठाते हुए गृहस्थी का सामान खरीद रहे हैं।मेले की सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने तपोभूमि प्रांगण में मेला पुलिस चौकी की स्थापना करके कस्बा इंचार्ज संजय राय को प्रभारी बनाया है।उनके साथ ड्यूटी में 26 पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।यह कथा स्थल से लेकर यज्ञवेदी, मेला की सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। शनिवार को दोपहर में थानाध्यक्ष मेले में पहुंचे और मेला प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए यह व्यवस्था मेले में पहली मर्तबा की गई है।

नशे में धुत मजदूर फांसी में झूला, इलाज में बची जान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।शनिवार को दोपहर शराब के नशे में धुत कर अधेड़ ने घर पर ही साड़ी के सहारे फांसी लगा ली।परिजनों की नजर पड जाने पर उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।उपचार के बाद हालत में सुधार है। कस्बे के वार्ड संख्या 4 धर्मेश्वर बाबा मुहाल में रहने वाले रामकरन निषाद 46 वर्ष मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है।शनिवार को दोपहर 2:00 बजे यह नशे में धुत होकर घर आया और साड़ी से छत में कुंडे में फांसी लगाकर लटक गया।तत्काल नजर पड़ जाने के चलते परिजन इसको फंदे से उतारकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार है।रामकरन निषाद के छोटे भाई बच्चू लाल ने बताया कि भाई ने नशे के चलते आत्मघाती कदम उठाया है।इलाज के बाद हालत में सुधार है।

मनुष्य भी ईश्वर का स्वरूप- दुर्गा प्रसाद

गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में उमड़ रही भीड़

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।मनुष्य में ईश्वर का अंश विराजमान है, इसलिए मनुष्य भी ईश्वर का स्वरूप है। उक्त उद्गार श्री गायत्री महायज्ञ के 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि मनुष्य को धार्मिक आयोजनों में किसी तरह की मन में संशय नहीं रखना चाहिए।कथा सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। कथा के चौथे दिन का कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास ने 22 नवंबर 1957 को आयोजित प्रथम गायत्री महायज्ञ का सुंदर वृतांत सुनाते हुए कहा कि इस यज्ञ के बाद यह भुतहा स्थान तपोभूमि में बदल गया है।उन्होंने कहा कि जीवात्मा जब परमात्मा से अलग मान लेती है तभी वह सुख दुख के भ्रम में उलझ जाता है। सुख-दुख प्रकृति का नियम है। जीवन में आता जाता है।जिस दिन से जीवात्मा यह मान लेगा कि हम भगवान के हैं, तो उसका जीवन सफल हो जाएगा।कथा सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा हुआ था।वही इस मौके पर यज्ञवेदी में 65 कर्मकांडी ब्राह्मण 24 लाख गायत्री महामंत्र का जाप करके सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। उधर यज्ञवेदी के सामने स्थित रामजानकी मंदिर में राम के विग्रह के खंडित होने पर शनिवार को नए विग्रह का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर मंदिर में स्थापित किया गया।

सरस्वती विद्या मंदिर रामबाग में मेधा अलंकरण समारोह-2025 सम्पन्न

अपने बारे में हमेशा अच्छा सुनने की आदत डालें : डी आई जी बस्ती

अमन लेखनी समाचार

बस्ती / सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,रामबागझबस्ती में आज मेधा अलंकरण समारोहझ2025 सुशील माहौल में एवं बस्ती रेंज के डी आई जी श्री संदीप त्यागी जी की गरिमामयी उपस्थिति के साथ सम्पन्न हुआ।मंच पर विद्या भारती गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्री राम सिंह जी, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. एस. पी. सिंह प्रधानाचार्य श्री गोविंद सिंह एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका सिंह की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रीति से अतिथियों के आगमन और विद्यालय के घोषणा द्वारा उनके स्वागत के साथ हुई।इसके पश्चात दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि एवं सरस्वती वंदना के साथ समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया।विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रधानाचार्य श्री गोविंद सिंह ने कार्यक्रम की प्रास्ताविकी रखी एवं अतिथि परिचय कराया। तत्पश्चात अतिथियों का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की तथा बच्चों को निरंतर श्रेष्ठता की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया। इसके बाद मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा दशम एवं द्वादश में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही विद्यालय में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र-छात्रा को टैबलेट प्रदान कर उनका सम्मान किया गया और मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही ऐसे पांच टॉपर छात्रों व छात्राओं के अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। अखिल भारतीय स्तर पर अटल टिंकरिंग लैब हेतु मॉडल बनाने वाले विद्यालय के चार छात्र सचिन, आलेख त्रिपाठी, अथर्व गुप्ता और सर्वेश शुक्ला के साथ-साथ इन्हें प्रोत्साहित करने वाले प्रांत के प्रांत संयोजक और विद्या मंदिर रामबाग के आचार्य एवं अटल प्रमुख अंकित कुमार गुप्ता भी सम्मानित किए गए।

स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई समीक्षा, आयुष्मान अभियान और टीका उत्सव की सफलता पर विशेष जोर

- जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने पर मंथन
- अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों के लिए चलाया जा रहे आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान पर भी हुई चर्चा
- जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक का हुआ सम्मान, योगदान को सराहा गया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में शुक्रवार को विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हुई बैठक के दौरान आयुष्मान भारत अभियान और टीका उत्सव को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया।सभी ब्लॉकों और अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं दें। साथ ही समन्वय बना कर अधिकाधिक लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सहित सभी चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय कुमार को सम्मान किया।वह तीस नवम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।जिला विकास अधिकारी ने आईपीएचएल लैब और इको जांच की सुविधा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के कुशल संचालन के लिए डॉ संजय कुमार के योगदान की सराहना की। जिले में पचीस नवम्बर से आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान शुरू हुआ है जो पचीस दिसम्बर तक चलेगा। इसके तहत छूटे हुए लाभार्थियों का कार्ड बनाया जाना है।खासतौर से सत्तर वर्ष या उससे अधिक के लोगों का शत प्रतिशत कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य है। नोडल अधिकारी डॉ अनिल सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला स्तरीय आयुष्मान भारत टीम द्वारा चिन्हित परिवारों में आयुष्मान कार्ड बनवाने का प्रयास हो रहा है। इसके तहत पात्र लाभार्थियों को सेवा पूर्व सूचना दी जा रही है और इस काम में शिक्षा विभाग व पंचायती राज विभाग सहित अन्य सहयोगी विभाग भी मदद कर रहे हैं। सीएमओ डॉ राजेश झा द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अभियान की चर्चा के दौरान निर्देश दिया गया कि कोशिश होनी चाहिए कि कोई भी पात्र लाभार्थी इस अभियान की सूचना व सेवा से वंचित न हो। अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकाधिक प्रचार प्रसार कराया जाए। नियमित टीकाकरण से बारह प्रकार की गंभीर जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए दिसम्बर माह में टीका उत्सव मनाने की तैयारी है।इसके तहत सभी टीकाकरण सत्र स्थलों पर अभियान के तौर पर टीके लगाए जाएंगे। डीएचएस की बैठक में निर्देश दिया गया कि अभियान से पहले सत्रों की प्लानिंग और ड्यू लिस्ट की गुणवत्ता सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही वंचित समुदायों को खासतौर से इस अभियान से जोड़ा जाए।

नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत एवं सम्मान

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद को अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रथम बार आज हमीरपुर आगमन पर जनपद के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी तथा कार्यकताओं ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया आज के इस सम्मान समारोह में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति निवर्तमान जिला अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता,सुनील पाठक राठ विधायक मनीषा अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर जयनारायण यादव ने सजेती टोल टैक्स पहुंचकर अपनी अगुवाई में जिला अध्यक्ष को हमीरपुर भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर हजारों की संख्या में भाजपाइयों ने पुष्पों के द्वारा भव्य स्वागत किया सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को पगड़ी एवं तलवार तथा पटका के साथ स्वागत किया इस स्वागत समारोह कार्यक्रम में लालाराम निषाद अरविंद मुखिया रामदेव सिंह सिद्धार्थ सिंह कुलदीप निषाद रोहित जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव पुष्पराज सोनी सिद्धार्थ पाठक कृष्ण कुमार विश्वकर्मा हर्षित गुप्ता आराधना राजपूत गीता उमर उर्मिला सिंह दया सिंह तनुजा सिंह रेखा सिंह सीमा वर्मा एवं समस्त मंडल अध्यक्ष तथा जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे मंच का संचालन नरवेंद्र सिंह ने किया आज के इस सम्मान समारोह में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

डब्ल्यूपीएल 2026, 9 जनवरी से 5 फरवरी तक नवी मुंबई और वडोदरा में आयोजित होगा

अमन लेखनी समाचार

, नवी मुंबई : डब्ल्यूपीएल 2026, 9 जनवरी से 5 फरवरी तक चलेगा और नवी मुंबई और वडोदरा, दो शहरों में खेला जाएगा।चौथे सीजन की तारीखों की घोषणा लीग के अध्यक्ष जयेश जॉर्ज ने गुरुवार को दिल्ली में डब्ल्यूपीएल नीलामी की शुरूआत में की। नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम, जहाँ भारत ने हाल ही में महिला वनडे विश्व कप का फाइनल जीता था, टूनार्मेंट की शुरूआत करेगा और डब्ल्यूपीएल के पहले चरण की मेजबानी करेगा।इसके बाद लीग वडोदरा के कोटंबी स्टेडियम में आयोजित होगी, जहाँ 5 फरवरी को फाइनल भी खेला जाएगा। यह पहली बार है जब डब्ल्यूपीएल जनवरी-फरवरी की अवधि में खेला जाएगा; पहले तीन सीजन आईपीएल से ठीक पहले फरवरी-मार्च में खेले गए थे।यह भी पहली बार होगा जब डब्ल्यूपीएल की तारीखें प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मैचों से नहीं टकराएँगी। 2023 में लीग की शुरूआत के बाद से गुरुवार को डब्ल्यूपीएल के लिए पहली मेगा नीलामी हुई और पहली बार टीमों के लिए राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड उपलब्ध हुए। मुंबई इंडियंस (टक) हढछ की गत विजेता है और अब तक तीन में से दो संस्करण जीत चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फउइ) ने 2024 में खिताब जीता था और दिल्ली कैपिटल्स (ऊउ) तीनों सीजन में उपविजेता रही थी। हढछ समाप्त होने के दस दिन बाद, भारतीय महिला टीम 15 फरवरी से 9 मार्च तक तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया का सभी प्रारूपों का दौरा शुरू करेगी। इस साल की शुरूआत में पहली बार डब्ल्यूपीएल दो से ज्यादा शहरों में आयोजित किया गया था, जब मैच लखनऊ, वडोदरा, मुंबई और बेंगलुरु में खेले गए थे और यह होम-एंड-अवे फॉर्मेट के सबसे करीब था, जहाँ यूपी वॉरियर्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स और आरसीबी को घरेलू मैच खेलने का मौका मिला था। लेकिन 2024 की तरह 2026 में भी यह फॉर्मेट सिर्फ.दो शहरों में ही खेला जाएगा, इसलिए डीसी के सह-मालिक पार्थ जिंदल को उम्मीद है कि टूनार्मेंट को होम-एंड-अवे फॉर्मेट के लिए ज्यादा समय मिलेगा।हाँ, हम हढछ को घरेलू और बाहरी मैचों में भी देखना पसंद करेंगे। मुझे लगता है कि यह कारवां प्रारूप ठीक है, लेकिन यह आदर्श नहीं है,₹ जिंदल ने नीलामी के दौरान कहा।₹और मुझे यकीन है कि बीसीसीआई इस पर काम कर रहा है। मुझे लगता है कि उन्हें जो समय मिलता है वह बहुत कम है और इसलिए हढछ को इस समयावधि में समायोजित करने के लिए, यह सबसे अच्छा और आदर्श प्रारूप है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आगे चलकर हमें हढछ के लिए एक बड़ी और लंबी अवधि भी मिलेगी। और मुझे लगता है कि किसी समय एक या दो नई टीमें आना तय है। और इसीलिए मुझे लगता है कि यह चक्र इतना छोटा है कि 14 महीनों में केवल दो हढछ होंगे।इसलिए मुझे पूरा यकीन है कि बीसीसीआई एक टीम जोड़ने की योजना बना रहा है, और शायद इसके साथ ही हम घरेलू और बाहरी मैचों का भी आयोजन कर सकें।यह प्रशंसकों, खेल और हढछ के विकास के लिए आदर्श होगा। डब्ल्यूपीएल 2023 में पहले संस्करण के बाद से एक से अधिक शहरों में विस्तार कर रहा है, जब इसकी सह-मेजबानी ब्रेबोर्न स्टेडियम और मुंबई और उसके आसपास के डीवाई पाटिल स्टेडियम द्वारा की गई थी।

रिपब्लिकन पार्टी की मुंबई क्षेत्र रैली में शक्ति प्रदर्शन करें - गौतम सोनवणे

- मुंबई नगर निगम चुनाव में सोमा राजेश सरकार को महायुति के उम्मीदवार के रूप में नामित करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव मंजूर - बालासाहेब गरुड़

अमन लेखनी समाचार

मुंबई, आगामी मुंबई महानगरपालिका चुनावों की पृष्ठभूमि में, केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले के नेतृत्व में रिपब्लिकन पार्टी की मुंबई क्षेत्र की एक भव्य रैली रविवार, 30 नवंबर को मुंबई के चेंबूर स्थित गांधी मैदान में आयोजित की गई है। रिपब्लिकन पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव गौतम सोनवणे ने कार्यकताओं से इस रैली में रिपब्लिकन पार्टी की ताकत का प्रदर्शन करने की अपील की है। गौतम सोनावणे रिपब्लिकन पार्टी की विक्रोली तालुका द्वारा आयोजित एक बैठक में बोल रहे थे। इस समय रिपब्लिकन पार्टी के मुंबई प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालासाहेब गरुड़, महिला अघाड़ी मुंबई प्रदेश अध्यक्ष उषाताई रामलु, महिला अघाड़ी मुंबई उपाध्यक्ष नैनाताई वैराट, पवई विभाग नेता बाल गरुड़, विक्रोली तालुका अध्यक्ष राजेश सरकार, महिला अघाड़ी नेता सोमा राजेश सरकार, मीना पवार, चन्द्रशेखर कांबले, जिला अध्यक्ष अजीत रणदिवे, शिलाताई गांगुर्डे, अनिल गांगुर्डे, दादासाहेब जेंडे; ; हेमन्त रणपिसे; शांतिलाल बोरुडे; वार्ड अध्यक्ष अजय लगाड़े आदि उपस्थित थे. इस मौके पर कई कार्यकर्ता रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुए. रविवार, 30 नवंबर को चेंबूर के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मुंबई प्रदेश मेले में रिपब्लिकन कार्यकताओं को शामिल होना चाहिए। बैठक की तैयारी के लिए विक्रोली तालुका द्वारा सूर्य नगर के अत्रिया हॉल में रिपब्लिकन कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। कार्यकताओं ने इस बैठक में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

4 किलो गांजे के साथ दो पेशेवर अपराधी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर -पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अपराध व अपराधियों पर शिकंजा करने के मकसद से चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना मिलने पर दो पेशेवर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। मादक पदार्थ की सप्लाई पर रोक लगाने के मकसद से कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक मनोज पांडे ,मोहित कुमार, दिशांत खोखर अन्य साथी कोमल ,दिलीप कुमार, विमल कुमार, आशुतोष कुमार को मुखबिर की सूचना मिलने पर चलाए जा रहे अभियान में कम्हरिया गांव के निकट 4 किलो अवैध गांजे के साथ पेशेवर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के दौरान अभियुक्त नीतू पुत्र बदला व सीमा पत्नी नरेश को क्रमशः 2 किलो 100 ग्राम व 1 किलो 900 ग्राम अवैध गांजे, दो झोलों सहित गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के दौरान सीमा के पास मिले पीले रंग की धातु हार के बारे में बताया कि बांदा बस स्टैंड में महिला के गले से छीना गया है अपराधी पूर्व में भी दिल्ली और बलरामपुर में गिरफ्तार किया जा चुके हैं जिनको कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस व टप्पेबाजी सहित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

मायके से पत्नी के न आने पर बिजली के टावर पर चढ़ा युवक..

मल्लावां, हरदोई।एक माह पूर्व पत्नी के मायके चले जाने से झुब्ध युवक ने शराब के नशे में हाई टेंशन लाइन के टावर पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा करने में लगा रहा , करीब चार घंटे बाद पुलिस के समझाने बुझाने के बाद टावर से उतरने को तैयार हुआ। मल्लावां क्षेत्र के सथरा बांसा निवासी अनुज 25 वर्ष पुत्र सुबोध की पत्नी एक माह पूर्व अपने मायके चली गईं थी।उससे नाराज होकर शनिवार को अनुज एक हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया और अपनी पत्नी को वापस बुलाने की मांग पर अडा था।टावर पर चढ़ने की जानकारी पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वो नीचे उतरने को तैयार नहीं था।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

मुंबई। फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में'एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

लाइफ Style

तनुश्री

अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।



हॉलीवुड मसाला

एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

लॉस एंजिल्स। मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।

कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या

मुंबई। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।

इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

टीवी मसाला



बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

नई दिल्ली। रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

नई दिल्ली। सिंगर एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'

45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

नई दिल्ली। बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।

जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।

दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

मुंबई। संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।

55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

यादगार गीत

24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।